


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 भारत से हार के बाद बदला पाकिस्तान का गेम प्लान

सम्पादकीय एआई बदलेगा विकास का भविष्य

भारतीय मूल की आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की.... 5

वर्ष 20 ● अंक 05 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026 email - hindustanexpressbhopal@gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# भारत और ब्राजील ने अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा : पीएम मोदी

**ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की**

आर.एन.एस

नई दिल्ली। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने यह भी कहा, 'आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है।'दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है।



**चीन की निर्भरता कम करने की तैयारी में भारत-ब्राजील**

क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है।यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है।

**लूला बोले- ब्राजील को भारत से बहुत उम्मीदें** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा, 'भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं। अगर हम साथ मिलकर काम करेंगे, तो भारत-ब्राजील के रिश्ते और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ को भी मजबूत करेंगे, ताकि दुनिया को दो बड़ी महाशक्तियों के बीच किसी नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का सामना फिर कभी न करना पड़े।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ रद्द किए

## ट्रम्प ने 10% नया टैरिफ लगाया, जजों को कलंक कहा

आर.एन.एस

वॉशिंगटन। अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से भारत पर लगा 18% रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है।दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए ढ्ढश्वश्वक्क कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों से पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को ढ्ढश्वश्वक्क कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।



कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

**24 फरवरी से लागू होगा 10% टैरिफ**

ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 10% का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 10% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18% की जगह घटकर 10% रह जाएगा।

उन्होंने टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा- मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।

# विकास, नवाचार और किसान समृद्धि का रोल मॉडल बन रहा दतिया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवढ़ा में दी दतिया जिलेवासियों को 529 करोड़ रूपए से अधिक के 71 विकास कार्यो की सौगात**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दतिया वीरता और भक्ति का अद्भुत संगम है। यहां आस्था और प्रगति का उत्कृष्ट संगम है। हमारी सरकार दतिया के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। विगत वर्ष बुंदेला काल के दतिया महल और गुज्जरा लघु शिलालेख को यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में स्थान मिल गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया जिले की विकास यात्रा अब रूकने वाली नहीं है। आज दतिया विकास, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और किसान समृद्धि का एक रोल मॉडल बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया में एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ दतिया से भोपाल फ्लाईट भी शुरू हो गई है। खजुराहो से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन के जरिए दिल्ली अब दतिया से चंद घंटों की दूरी पर आ गया है। उन्होंने कहा कि दतिया में मां पीताम्बरा लोक का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। इससे जिले के पर्यटन को नए पंख लगेंगे और दतिया को एक नई धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दतिया जिले के सेवढ़ा तहसील मुख्यालय में 529 करोड़ लागत के 71 विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि करीब सवा 2 हजार करोड़ रूपए की लागत वाली रतनगढ़ सिंचाई परियोजना से इस क्षेत्र के 40 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया जिले के नशामुक्ति कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पुनीत कार्य के लिए जिलेवासियों को बधाई दी।



**केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का दतिया के किसानों को मिलेगा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कभी पेयजल संकट से जूझने वाला दतिया में आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम चल रहा है। इसका भरपूर लाभ दतिया जिले के किसानों को भी मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। दतिया जिले में 1.48 लाख हैक्टेयर से अधिक भू-रकबे में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से यहां कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। विगत दो सालों में यहां 7 लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ जिले के 1.37 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा है। फसल बीमा योजना यहां के 1.26 लाख से अधिक किसानों का सुरक्षा कवच बनी है।

**पशुपालन और दुग्ध उत्पादन बढ़ाना हमारा लक्ष्य**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार किसानों की समृद्धि और सम्मान के लिए दृढ़-संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसान भाइयों के खाते में सम्मान निधि भेजने की शुरुआत की है। हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। दोनों समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहकर हर मौसम में काम करते हैं। प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में किसानों को पर्याप्त बिजली और सिंचाई की सुविधा मिल रही है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव अल्प प्रवास पर ग्वालियर आये



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को अल्प प्रवास पर ग्वालियर आये। विमानतल पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को अल्प प्रवास पर राजकीय विमान द्वारा भोपाल से चलकर राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल आये। कुछ देर रुकने के पश्चात हैलीकॉप्टर के माध्यम से ग्वालियर से दतिया जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये रवाना हुए। दतिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात हैलीकॉप्टर द्वारा पुनः ग्वालियर विमानतल पर आये।

विमानतल पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, धर्मेन्द्र तोमर, राजू पलैया, दीपक शर्मा, विनय जैन व श्याम सुंदर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगवानी की। विमानतल पर आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुछ देर ग्वालियर विमानतल पर रुकने के पश्चात राजकीय विमान द्वारा भोपाल के लिये रवाना हुए।

# 'प्रोजेक्ट चीता' 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश देती विश्व की सबसे सफल परियोजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विलुप्त हुए फर्राटों को प्रदेश में मिली रफ्तार, देश में जन्मे चीतों की भी होने लगी वंश-वृद्धि**

**बोत्स्वाना से 28 फरवरी को आएंगे 8 चीते**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चीता पुनर्स्थापन के 'प्रोजेक्ट चीता' को 'विश्व का सबसे सफल' अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि 28 फरवरी 2026 तक बोत्सवाना से 8 और चीते लाये जायेंगे। यह परियोजना 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश है।

भारत में विलुप्त हो चुके चीते के पुनर्स्थापन का ऐतिहासिक प्रयास, 'प्रोजेक्ट चीता', ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है। कूनो और गांधी सागर अभयारण्य में उनकी दूसरी पीढ़ी के शावकों के निर्भय फर्राटों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हुए प्रयासों ने साकार कर दिया है। भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है।



नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीतों का आगमन हुआ और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उन्हें कूनो अभयारण्य के संरक्षित बाड़ों में छोड़ कर पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया। दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते 18 फरवरी 2023 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये।

**गामिनी, आशा, वीरा और निर्वा के साथ भारत में जन्मी मुखी ने भी दिया शावकों को जन्म**

दक्षिण अफ्रीका से आये 12 में से 8 चीते वर्तमान में कूनो अभयारण्य में पूर्णतः स्थापित होकर स्वयं को वर्तमान आवास की परिस्थितियों में ढाल चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। इनमें से3 चीते गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किए गए हैं। दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक वर्तमान में जीवित और स्वस्थ हैं। भारत में जन्मी पहली वयस्क मादा चीता 'मुखी' ने भी 5 शावकों को जन्म दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में चीता पुनर्स्थापन परियोजना अब शैशवास्था से आगे बढ़कर स्थायी स्थापना और प्रजनन के चरण में प्रवेश कर युवा हो चुकी है।

'गामिनी' दूसरी बार माँ बनी है। उसकी पहली खेप में 3 स्वस्थ सब-एडल्ट शावक हैं और हाल ही में उसने 3 नए शावकों को जन्म दिया है। वीरा अपने 13 माह के शावक के साथ खुले जंगल में विचरण कर रही है, जबकि निर्वा अपने 10 माह के तीन शावकों के साथ संरक्षित बाड़े में है। नामीबियाई से आये 8 में से 3 चीते वर्तमान में कूनो में स्थापित हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। नामीबियाई माताओं से जन्मे 12 शावक वर्तमान में जीवित हैं। कूनो में वर्ष2023 से 2026 के बीच कुल 39 शावकों का जन्म हुआ, जिनमें से 27 शावक वर्तमान में कूनो में स्वस्थ और जीवित हैं।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट,लाल किले की सुरक्षा बढ़ाई

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लाल किले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है।

खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है।

सूत्रों के मुताबिक चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है।




हालांकि इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है।

**सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई गई**

दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में ष्टष्टञ्जङ्क से निगरानी, वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिएक्शन टीमों को तैनात की गई हैं।

सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम केवल सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं।

# बस-वैन में आमने-सामने की भिड़ंत में 5 की मौत

**भिंड में नेशनल हाईवे पर गाड़ी के परखच्चे उड़े**

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भिंड में शुक्रवार देर रात बस और वैन आमने-सामने भिड़ गए। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास नेशनल हाईवे-719 पर रात 2.30 बजे हुआ। गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस भिंड से ग्वालियर की ओर जा रही थी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। वहीं, घायलों को एम्बुलेंस से ग्वालियर रेफर किया गया।



जयारोग्य हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है।

टीआई मनीष धाकड़ ने बताया कि सभी मृतकों की पहचान हो गई है। इनमें प्रदीप प्रजापति पुत्र रामप्रकाश, उसका भांजा अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योड़ा गांव अकोड़ा और आनंद भदौरिया पुत्र मुकेश भदौरिया निवासी परसोना गांव हैं। वैन चालक की पहचान गोहद के इटाली गांव के रहने वाले भरत तिवारी के रूप में हुई।

**जिस जगह हादसा हुआ, वहां अंधा मोड़**

पुलिस परिजन का पता लगाने के लिए दस्तावेजों और वाहन नंबर के आधार पर जांच कर रही है। जिस जगह हादसा हुआ, वहां अंधा मोड़ है। हो सकता है दोनों वाहन तेज रफ्तार में हों। हादसे की जांच जारी है। दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है।

## अजित पवार के भतीजे का आरोप- प्लेन क्रैश बड़ी साजिश, दुर्घटना के समय कई धमाके हुए थे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए।

उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे।

विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर साजिश की बात करें तो यह दो तरह की हो सकती है, राजनीतिक या व्यावसायिक। अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में किस तरह की साजिश शामिल है।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। यह प्लेन वीएसआर कंपनी का था।


चौदहवीं पुण्यतिथि

20.02.2026

विनम्र श्रद्धांजलि



ममतामयी एवं प्रेरणा स्त्रोत मातृशक्ति को शत् शत् नमन्

परम श्रद्धेय

स्व. श्रीमती रज्जो देवी जी

पत्नी स्व. श्री भंवरलाल शिवहरे जी

- श्रद्धानवत -

श्रीमती राजकुमारी-ओमप्रकाश शिवहरे

श्रीमती सुरेखा- चन्द्रप्रकाश शिवहरे

(प्रधान संपादक, दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समाचार पत्र समूह)

(पुत्र-पुत्रवधु)

श्रीमती ओमकला - बृजकिशोर मुखारिया (पुत्री-दामाद)

राकेश शिवहरे, नीरज शिवहरे, धीरज शिवहरे, श्याम शिवहरे, विकास, आकाश, कुं. अंजली (पौत्र-पौत्री), श्रीमती दिव्यांगना - चंदन गुप्ता (पौत्री- पौत्रीदामाद), अमन, राज, अनमोल, शुभ, राधिका, वेदांशी, वैदिक (प्रपौत्र-प्रपौत्री)

समस्त शिवहरे परिवार, मुरैना (म.प्र.)

दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिवार

# मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पहली बार रियोलिटिक थ्रोम्बेक्टॉमी सुविधा शुरू

## » बिना बड़ी सर्जरी सिर्फ एक छोटी सुई से हटेगा थक्का » बिना बेहोशी इलाज संभव
## » तेजी से बहाल होगा रक्त प्रवाह, जटिल खून के थक्कों के इलाज में नई उम्मीद

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में नोबल हॉस्पिटल, भोपाल में उन्नत रियोलिटिक थ्रोम्बेक्टॉमी तकनीक से इलाज सुविधा आरम्भ की गई है. नोबल अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह सुविधा पूरे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की पहली उन्नत तकनीक है, जो जटिल रक्त के थक्कों (ब्लड क्लॉट) के उपचार में सहायक है। शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. अगम्य सक्सेना (MD, EBIR), चीफ इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट, नोबल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल तथा डॉ. सर्वेश मिश्रा (MBBS, MD), डायरेक्टर, नोबल हॉस्पिटल, भोपाल एवं क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट ने बताया कि यह प्रणाली फार्मोकोमैकेनिकल तकनीक पर आधारित है, जिसमें दवा और मैकेनिकल प्रक्रिया के संयोजन से थक्के को हटाया जाता है तथा प्रभावित हिस्से में रक्त प्रवाह को शीघ्र बहाल किया जाता है।




डॉ. सक्सेना ने जानकारी दी कि इस तकनीक के माध्यम से हाथ, पैर, पेट, डायलिसिस फिस्टुला सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में बने रक्त के थक्कों को बिना बड़ी सर्जरी के हटाया जा सकता है। 'इस प्रक्रिया में बड़े चीरे की आवश्यकता नहीं होती। केवल एक छोटी सी सुई के माध्यम से धमनी के रास्ते प्रभावित हिस्से तक पहुंचकर थक्का हटाया जाता है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि नई स्ट्रोक गाइडलाइंस 2026 के अनुसार विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों द्वारा त्वरित थ्रोम्बेक्टॉमी आधारित उपचार को प्राथमिकता दी जा रही है, क्योंकि समय पर हस्तक्षेप से लकवे की समस्या कम की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अचानक हाथ या पैर में कमजोरी, सूजन, तेज दर्द, त्वचा का रंग बदलना, बोलने में कठिनाई या शरीर के किसी हिस्से में सुन्नता जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तत्काल इंटरवेंशनल रेडियोलाजिस्ट से परामर्श लें।

ज्ञात हो कि नोबल अस्पताल में डॉक्टर अगम्य सक्सेना ने इस तकनीक से अभी तक 125 से ज़्यादा मरीजों पर जटिल थ्रोमबेक्टमी सफलतापूर्वक संपन्न की हैं। अभी तक यह उपकरण किराये पर उपयोग लिया जाता था इसलिए समय निर्धारित करने में व्यावहारिक मुश्किलें होती थीं। इस उपकरण के खरीदने के बाद नोबल अस्पताल मप्र-छत्तीसगढ़ का पहला अस्पताल होगा जहां यह प्रक्रिया 24×7 उपलब्ध हो सकेगी। प्रेसवार्ता में लाभान्वित मरीज आकाश (परिवर्तित नाम) ने भी अपने अनुभव साँझा कर बताया कि कैसे नोबल हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों के त्वरित निर्णय ने उसके पैर कटने से बचाया।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस सुविधा के उपलब्ध होने से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मरीजों को खून की नसों के उपचार के लिए महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी।

# माधव महाविद्यालय एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर किया गया पुरस्कृत




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देष्य वाक्य ''समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास'' को चरितार्थ करने का कार्य एन.एस.एस. स्वयंसेवक करते हैं। समाज के बीच में जाकर समाज के लिये अच्छा कार्य करने के लिये स्वयंसेवक कठिन परिश्रम करते हैं जिसके परिणाम स्वरूप यदि उन्हें इस कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाये तो उनका मनोबल एवं उत्साह काफी अच्छा रहेगा। माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को स्वदेशी के लिये प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा माधव महाविद्यालय, जिला संगठक रासेयो ग्वालियर डॉ. मनोज अवस्थी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता दीक्षित राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने बताया कि प्रमाण पत्र प्राप्त करना ही अन्य विद्यार्थियों के लिए अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरणादायक है। समाज को उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना स्वयंसेवक का एन.एस.एस. में कर्तव्य है।

डॉ. अवस्थी ने कहा कि एन.एस.एस. में स्वयंसेवक स्वयं की इच्छा से अच्छा कार्य करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं आभार डॉ. सरिता दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. योजना तिवारी, डॉ. विकास शुक्ला, डॉ. लाल जी, स्वयंसेवक नकुल शर्मा, सुमित लखेरा, अनंत प्रताप सिंह, रेहान खान, सागर शर्मा, हर्ष पाल, गरिमा झा, दीक्षा पाल, मुस्कान नार्या, तनिष्का सूर्यवंशी, महक धाकड़ आदि लोग उपस्थित थे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में भिण्ड जिले से पदाधिकारी शामिल हुए

## भिण्ड जिला एवं मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व और निर्माण से संगठन निर्माण के विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भिण्ड।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 की प्रदेश कार्यशाला पार्टी प्रदेश कार्यालय भोपाल में आयोजित की गई, जिसमें संगठनत्मक जिलों में, कार्यकर्ता भाव एवं पार्टी की विचारधारा को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण मां अभियान के माध्यम से जागृत किया जाएगा ताकि कार्यकर्ताओं को सक्रियता के साथ संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां का निर्वाह कर सकेंगे। इसी के निमित्त जिले से प्रशिक्षण महाअभियान टोली के पार्टी के पद अधिकारियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को प्रभावी* बनाने का संकल्प लिया। प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रशिक्षण के प्रभारी के.सी पटेल एवं प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी,जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष एवं जिला टोली के सदस्यगण उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने प्रदेश स्तरीय कार्यशाला से लौटकर बताया कि जिला एवं मंडल स्तरीय कार्यशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय और उनके विचारों को तथा संगठन को



गतिशील बनाने एवं कार्यकर्ताओं को सक्रियता प्रदान करने हेतु इस भाव को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा जो कि जिले के सभी 29 मंडलों में आयोजित होगा जिसकी जिला एवं मंडल स्तर पर कार्यशालाओं की तैयारी को लेकर पार्टी पदाधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है।

पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि यह महाअभियान श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री,नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 'के संकल्प को साकार करने हेतु संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगा।भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित पार्टी है। इसी क्रम में कार्यकर्ताओं में कार्यकर्ता भाव एवं कर्तव्य बोध का जागरण हो,इसी उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण शिविर में चंबल संभाग के संगठन प्रभारी डॉक्टर अभय प्रताप सिंह यादव जिला संगठन प्रभारी हमीर सिंह यादव पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा जिला महामंत्री मनोज अनंत भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष जिला स्तरीय टोली की सदस्य श्रीमती गीता भदौरिया, प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुई।

# भाजयुमो ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन, राहुल गांधी के खिलाफ जताया विरोध




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**बहराइच।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल उपस्थित रहे।

ज्ञापन में कहा गया कि 16 फरवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किए जाने से देश की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित हुई। भाजयुमो पदाधिकारियों ने इस घटना की निंदा करते हुए संबंधित बयान व गतिविधियों पर आपत्ति जताई और स्पष्टीकरण अथवा माफी की मांग की। हालांकि, इस संबंध में कांग्रेस की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

कार्यक्रम में जिला संयोजक अंकित सिंह, जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जिला महामंत्री अखिलेश यादव, उपाध्यक्ष ज्ञानी शर्मा, सभासद राजीव सिंह, आशीष सिंह, राजकुमार वर्मा, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीमती एकता जायसवाल, सभासद पुनीत गुप्ता, नगर अध्यक्ष अंकित, अमित शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिवर्तन योगेश संस्थान की 36वीं सुदर्शन सभा का दिल्ली में हुआ आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**नईदिल्ली।** 19 फरवरी की सुदर्शन सभा के प्रमुख अतिथियों में प. पू. स. ॐ ब्रह्मचैतन्य उदयनाथ महाराज (पीठाधीश्वर : श्री क्षेत्र मुक्तिपीठ), श्री श्री 1008 निरंकारनंद जी महाराज (पीठाधीश्वर : महर्षि सत्य सनातन अखाड़ा), आचार्य महंत डॉ. विवेक गुरु जी (संस्थापक प्रमुख-राष्ट्रीय अध्यक्ष - धर्म जागरण संस्थान धर्मार्थ ट्रस्ट भारत, आत्मानंद महाराज जी (तारण पंथ जिन धर्म), डॉ. हरीश मिश्र (प्रमुख सलाहकार - परिवर्तन योगेश एवं महर्षि सत्य सनातन अखाड़ा) एवं गणमान्य अथितियों में डॉ. संभाजी राजाराम बाविस्कर (कुलपति - काशी हिन्दी विद्यापीठ), डॉ. योगेश तरेहन (उप कुलपति - काशी हिन्दी विद्यापीठ एवं संस्थापक : परिवर्तन योगेश संस्थान), धर्मगुरु श्री नानक दास महाराज (कबीर केशव पीठ), हीरा सिंह धानिक (केसरिया हिन्दू वाहिनी), डॉ. प्रेमचंद शर्मा 'स्वतंत्र' (वरिष्ठ साहित्यकार) सभा में विराजमान रहे।

परिवर्तन योगेश संस्थान एवं महर्षि सत्य सनातन अखाड़ा द्वारा द्वारा 7 संस्थागत सम्मान जो देय हुए वह इस प्रकार से हैं : सहज छीपा (छत्रपति शिवाजी बालवीर पुरस्कार), उदयनाथ महाराज (परम गुरु उपाधि सम्मान8, आत्मानंद महाराज (अंतर्राष्ट्रीय संत उपाधि सम्मान), निरंकारनंद महाराज (तक्षशिला विद्वता सम्मान), डॉ हरीश मिश्र (सनातन गौरव सम्मान), हीरा सिंह धनिक (हिन्दू राष्ट्र रत्न सम्मान) एवं आचार्य डॉ. देव कुमार पाण्डेय



(ज्योतिष रत्न)

विद्या सागर कुल 8 विद्वानों को प्रदान किया गया जिनके नाम हैं : डॉ. प्रेमचंद शर्मा 'स्वतंत्र', डॉ. राधेलाल उत्तरांचली, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ठाकुर, डॉ. बृजेश कुमार मिश्रा, डॉ. छाया त्यागी, डॉ. अशोक कुमार सूद शास्त्री, डॉ. श्रीकृष्ण शर्मा एवं डॉ. अनुभा पुंडीर।

विधा वाचस्पति प्राप्त करने वालों विद्वानों की संख्या 27 रही जिनके नाम हैं : डॉ रामगोपाल भट्ट, डॉ राम प्रकाश पांडे, डॉ नरेश गणपतराव पाथरकर, डॉ प्रह्लाद कुमार पांडे, डॉ हिमांशु शर्मा, डॉ प्रशान्त शर्मा, डॉ करण बापूराव पाथरकर, डॉ रंजीव जनार्दनराव श्रीरामवार, डॉ सुनील रामचंद्र राजे, डॉ राधा गोविन्द छीपा, डॉ. सुर्यकान्त पाण्डेय, डॉ. नवीन त्यागी, आचार्य डॉ. देव कुमार पाण्डेय, डॉ. दिनेश चन्द्र मिश्र, डॉ शैली रंजन, डॉ विशाल शर्मा, डॉ मुकेश पंडित, डॉ राघवेंद्र दुबे, डॉ जय शंकर राय, डॉ. बिमल कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ हरि सिंह, डॉ नवदीप जोशी, डॉ राजेश कुमार बैरवा, डॉ विजय पाल, डॉ योगेश कुमार मिश्र एवं डॉ दानिश परवेज।

देश के विभिन्न प्रांतों से सभा में आये वक्ताओं ने समस्त सभा को राष्ट्र-धर्म-संस्कृति के व्याख्यानों से सभी सभासदों को मंत्रमुग्ध एवं राष्ट्र धर्म सर्वोपरि भावना से ओतप्रोत कर दिया। डॉ. राकेश कुमार आर्य जी का बौद्धिक हुआ। लेखिका डॉ, भावना शर्मा जी की पुस्तक अग्नि बनो एवं लेखक डॉ. प्रशान्त शर्मा जी की पुस्तक विरह का लोकार्पण भी हुआ। इस सभा के आयोजन में परिवर्तन योगेश संस्थान की जिस व्यवस्था समिति का सहयोग रहा वह हैं संजय शर्मा, डॉ. राकेश कुमार आर्य, राजेश कुमार सौंखिया, डॉ भावना शर्मा, राकेश कुमार, आनन्द जिंदल, डॉ टीकम सिंह, डॉ. यशदेव प्रसाद शर्मा, मुकेश कुमार सल्होत्रा, अशोक वशिष्ठ, अशोक कुमार एवं सुनील दुग्गल जी।

संस्था के राष्ट्रीय महासचिव सीनियर जर्नलिस्ट डां मनोज दुबे ने सभी का आभार माना और शुभकामनाएं प्रदान की।

# जेएसएस श्योपुर ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**श्योपुर।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्था न श्योपुर द्वारा हरिजन बस्ती में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया, जिसमें अतिथि के रुप में संस्थान के निदेशक अजय सक्सैना ने बताया कि मातृभाषा हमारी आत्मा की आवाज होती है। वह शब्दों का समूह या जाल नहीं होती वरन हमारी संस्कृति संस्कार मूल्य परम्परा विरासत और अस्मिता की पहचान होती है।

वह हमारी सोच, समझ, भाव विचारों और भावनाओं को जोड़ती है। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीना ने बताया गया कि यह दिवस अपनी मातृभाषा के प्रति निष्ठा ममत्व लगाव और स्मारक दिवस मातृभाषा हमारी संस्कृति और सामाजिक पहचान से जुड़ी होती मातृभाषा से ही हमारी परम्पराब रीति-रिवाज और बौद्धिक विरासत एक पीढ़ी से दूसरे को हस्तांतरित होती है। इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# युवा समाजसेवी आशु शर्मा ने जरूरतमंद बहन की शादी में दी 11 हजार रुपये की सहायता

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**विजयपुर।** विजयपुर क्षेत्र के बांगरोद गांव में मानवता और सामाजिक सरोकार का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। युवा समाजसेवी आशु शर्मा ने आर्थिक रूप से कमजोर कुशवाह समाज की एक जरूरतमंद बहन की शादी में 11 हजार रुपये नगद एवं एक साड़ी भेंट कर सहयोग प्रदान किया। जानकारी के अनुसार आशु शर्मा को उनके मित्र रेवानंद रावत ने अवगत कराया कि बांगरोद गांव की एक युवती



के पिता का हाल ही में निधन हो गया है और 21 फरवरी 2026 को उसका विवाह निर्धारित है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण शादी की व्यवस्थाओं में कठिनाई आ रही थी। उस समय आशु शर्मा विजयपुर से बाहर थे, लेकिन उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपनी टीम के सदस्यों से संपर्क किया और तुरंत सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। उनकी टीम के सदस्यों ने गांव पहुंचकर 11 हजार रुपये नगद तथा एक साड़ी भेंट कर कन्या को आशीर्वाद दिया। आशु शर्मा ने कहा कि वह बहन उनके परिवार का हिस्सा है और भविष्य में भी हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है।

# अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा की जिला शाजापुर कार्यकारिणी का गठन



श्री संजय शिवहरे (जिला अध्यक्ष)




श्री डॉ0 अजय शिवहरे (जिला उपाध्यक्ष)



श्री दिलीप जायसवाल (जिला महासचिव कार्यालय)



डॉ0 शिवदयाल जायसवाल (जिला महासचिव संगठन)



श्री मनोहर लाल राय (जिला महासचिव प्रचार)



श्री नरेद्र जायसवाल (जिला कोषाध्यक्ष)

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**शाजापुर।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारयण चौकसे एवं राष्ट्रीय महासचिव एम. एल. राय की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौकसे, प्रदेश महासचिव कार्यालय वीरेन्द्र राय (पप्पू), प्रदेश महासचिव संगठन ओ.पी. चौकसे, प्रदेश महासचिव प्रचार हरीराम राय के द्वारा जिला शाजापुर कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में संजय शिवहरे शाजापुर, जिला महासचिव संगठन डॉ. शिवदयाल जायसवाल, जिला महासचिव कार्यालय, दिलीप जायसवाल जिला महासचिव प्रचार मनोहर लाल राय, जिला कोषाध्यक्ष नरेद्र जायसवाल का मनोनयन किया गया है। तथा जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर डॉ. अजय शिवहरे, का मनोनयन कर सभी पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारिया सौंपी गई है। महासभा द्वारा अभी तक मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ, केरला में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है तथा मध्यप्रदेश इकाई के जिला कार्यकारिणी में भोपाल, विदिशा नर्मदापुरम बैतुल सिहोर, सागर, राजगढ़, शाजापुर, गुना, आशोकनगर, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, छिदवाड़ा, जिले की कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है शेष जिला की कार्यकारिणी हेतु पाँच-पाँच नाम आमंत्रित किये जाते हैं अन्य कार्यकारिणी का मनोनयन जिला के अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा किया जाता है इसके अंतर्गत प्रदेश के संरक्षक, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव आदि महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष आदि का मनोनयन किया जाता है। शाजापुर जिले के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# गार्बेज शुल्क पर नगर निगम परिषद द्वारा पारित निर्णय को शीघ्र लागू किया जाए : एमपीसीसीआई

## म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने निगमायुक्त श्री संघ प्रिय को सौंपा ज्ञापन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (MPCCI) का प्रतिनिधिमण्डल आज नगर निगम आयुक्त-श्री संघ प्रिय से मिला तथा एक ज्ञापन भेंट किया।

ज्ञापन में 29 दिसम्बर,2025 को नगर निगम परिषद द्वारा गार्बेज शुल्क की विसंगतियों को दूर करने हेतु पारित निर्णय को जल्द लागू करने एवं लागू होने तक गार्बेज शुल्क की वसूली को नहीं करने की मांग की गई। निर्णय लागू होने तक संपत्ति कर को गार्बेज शुल्क से अलग कर, संपत्ति कर की वसूली की जाए लेकिन गार्बेज शुल्क की जो दरें परिषद द्वारा 29 दिसम्बर को पारित की गई हैं, वही लागू की जायें। प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि यदि परिषद के निर्णय के इतर गार्बेज शुल्क की वसूली की जायेगी तो चेम्बर इसका विरोध करेगा। इसके साथ ही, शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा को जोड़ने वाली पाटनकर बाजार से महाराज बाड़ा की सड़क का जल्द निर्माण कराया जाने की मांग की गई क्योंकि करोड़ों रूपये की लागत से महाराज बाड़े को सुंदर बनाया गया है लेकिन जब पर्यटक इस रोड से होकर महाराज बाड़ा पहुंचते हैं तो शहर की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही, मृगनयनी शोरूम से गस्त के ताजिया तक रोड निर्माण, लक्कड़खाना पुल के चौड़ीकरण कार्य को प्रारंभ करने, महाराज बाड़ा पर निर्माणाधीन पार्किंग से छोड़े जा रहे पानी की समस्या पर, विक्की फैक्ट्री से चंद्रवदनी नाके तक जो सड़क निर्माण कार्य रूक गया है, उसको प्रारंभ करने तथा शहर की बंद स्ट्रीट लाइटों को लेकर निगमायुक्त महोदय से बिन्दुवार विस्तार से चर्चा की गई।

निगमायुक्त-श्री संघ प्रिय ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि पाटनकर बाजार से दौलतगंज होते हुए महाराज बाड़ा मार्ग को । दिन में बना दिया जायेगा। आपने कहा कि इस मार्ग पर लीकेज की समस्या है, उसको दूर करते ही यह कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। महाराज बाड़े पर बन रही पार्किंग से निकलने वाले पानी की समस्या का समाधान । मार्च तक कर दिया जायेगा। लक्कड़खाना पुल के चौड़ीकरण कार्य को जब प्रारंभ किया गया तो उसमें और कार्य करने की आवश्यकता महसूस हुई तो उसके लिए नया एस्टीमेट बनाकर उसकी स्वीकृति ले ली गई है। शीघ्र ही यह कार्य प्रारंभ हो जायेगा। मृगनयनी शोरूम से गस्त के ताजिया तक सड़क पर पेच वर्क कराया जायेगा। इसके साथ ही, शहर की स्ट्रीट लाइट पर आपने कहा कि जिस क्षेत्र की लाइटें बंद हैं, वह बंद नहीं होना चाहिए इससे आप अवगत करायें तो उन्हें चालू कराया जायेगा एवं संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। विक्की फैक्ट्री से चंद्रवदनी नाके तक सड़क निर्माण कार्य को अतिक्रमण हटाने के बाद प्रारंभ किया जायेगा।



प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष-श्री पारस जैन सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य- आशीष अग्रवाल, रामकुमार गोयल, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, संजय अग्रवाल, अभिषेक चतुर्वेदी, विवेक बंसल, आशुतोष मिश्रा, सुशांत सिंघल आदि शामिल थे।

# भाजयुमो ने कांग्रेस कार्यालय तक रैली निकाल राहुल गांधी का पुतला फूंक





**- विरोध में कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन का विरोध**

**ग्वालियर।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस युवा इकाई द्वारा किए गए हंगामे के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस प्रदर्शन का विरोध दर्ज कराते हुए पार्टी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

यहां बता दें कि भाजयुमो ने संभाग स्तर पर प्रदर्शन का ऐलान किया था। इसी क्रम में भाजयुमो ने नदी गेट चौराहे से शिंदे की छावनी स्थित कांग्रेस कार्यालय तक रैली निकाली। संभावित टकराव को देखते हुए पुलिस ने पहले से बैरिकेडिंग की थी, लेकिन कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड तोड़ने का प्रयास करते नजर आए। दूसरी ओर कांग्रेस कार्यकर्ता भी कांग्रेस कार्यालय के बाहर झंडा लहराते हुए नारेबाजी करते दिखाई दिए। प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस कार्यालय के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान करीब दो घंटे तक तनाव की स्थिति बनी रही। बाद में भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। वहीं कांग्रेस की ओर से भी प्रधानमंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्यकर्ता पुतला लेकर वहां से हट गए। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय परिसर में पुतले की तलाश भी की, हालांकि कुछ बरामद नहीं हुआ।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने भाजपा के प्रदर्शन को हताशा करार देते हुए कहा कि जनता के मुद्दे रोजगार, महंगाई, किसानों के अधिकार और पेयजल उठाने पर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने इस घटना की निंदा की। सीएसपी मनीष यादव ने बताया कि दिल्ली में हुए प्रदर्शन के विरोध में भाजपा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पुलिस की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ और किसी बड़े विवाद की स्थिति नहीं बनी। एहतियात के तौर पर कांग्रेस कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात रखा गया।

इस पूरे घटनाक्रम पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह बौखला चुकी है। जब-जब कांग्रेस जनता के अधिकारों की बात करती है, भाजपा लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश करती है। ग्वालियर में कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने की कोशिश भाजपा की हताशा और डर को दिखाती है। लेकिन भाजपा को समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने को तैयार है।

# प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना का दूसरा दिन

**ग्वालियर।** गिद्ध गणना के दौरान दूसरे दिन शनिवार को गिद्धों की संख्या में और इजाफा हुआ है। इसके अलावा घोसलों की संख्या बढ़कर मिली है। यह गिद्धों के संरक्षण और पर्यावरण को लेकर अच्छे संकेत है। विशेषज्ञों की माने तो ग्वालियर के जंगल में पर्यावरण संतुलन बेहतर हो रहा है। मिर्चा घाटी सहित किला तलहटी और घाटीगांव मोहना के जंगल में काफी लंबे समय से गिद्धों का सुरक्षित ठिकाना रहा है। गिद्धों ने ऊंची पहाड़ी और शांत निर्जन क्षेत्र में घोसले बनाये हुये है। जहां इन दिनों व्यस्क गिद्धों के साथ साथ उनके बच्चे भी देखने को मिल रहे है। श्योपुर के जंगल की तरह ग्वालियर के जंगल में भी दिनोंदिन गिद्धों की संख्या बढ़ने लगी है।

पर्यावरण संतुलन के लिये बेहद आवश्यक सफाई कर्मी गिद्धों की संख्या जैसे ही घटने लगी तो पर्यावरण जगत में इनकी कमी खलने लगी थी, क्योंकि मृत पशुओं के शव खाकर गिद्धों की संख्या घट रही थी। विशेषज्ञों ने जांच में पाया कि पशुओं को दी जाने वाली दर्द निवारक दवायें और दूधारू गाय भैंस का दूध बढ़ाने के लिये लगाये जाने वाले इंजेक्शन गिद्धों के लिये घातक सिद्ध हो रहे है। जिसके चलते आनन फानन में कुछ दवाओं पर प्रतिबंध लगाया गया। आज 15 से 20 सालों में फिर से सुखद और अच्छे संकेत मिलने लगे



**- ऊंची पहाड़ी व शांत निर्जन क्षेत्र में दिखे गिद्ध ही गिद्ध**
**- विशेषज्ञों ने कहा, यह पर्यावरण के लिये अच्छे संकेत, हर साल बढ़ रही संख्या**

है। प्रदेशभर में गिद्धों की संख्या बढ़ रही है। बीते दिन शुक्रवार से प्रदेशभर में एक साथ एक ही समय पर वन विभाग के द्वारा गिद्धों की गणना की जा रही है। गिद्धों की गणना में मैदानी वन अमला, मास्टर ट्रेनर, पक्षी विशेषज्ञ, पर्यावरण प्रेमी और एनजीओ के स्वयंसेवक आदि सुबह ही सुबह जंगल के शांत क्षेत्रों में उनकी संख्या सहित आवासों का पता लगा रहा है। ग्वालियर में पांच प्रजातियों के गिद्ध देखने में आ रहे है। इसमें दो प्रजातियां काफी दुर्लभ भी है, क्योंकि यूरेशियन और इजिप्शियन प्रजाति के गिद्ध यहां बहुत कम देखने को मिलते है। यहां बता दें कि समूचे मध्यप्रदेश में गिद्धों की संख्या 12 हजार से ऊपर है।

# सहन नहीं करेंगे जनता पर अत्याचारः सुरेन्द्र यादव



**ग्वालियर।** भाजपा सरकार जनता के सवालों से भाग रही है और हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। गरीब का रोजगार छीना जा रहा है, दोषी मंत्रियों को बचाया जा रहा है और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को कुचला जा रहा है। कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और जनता पर अत्याचार सहन नहीं करेगी। सड़क से विधानसभा तक निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। यह बात शनिवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने साधारण सभा की बैठक में कही।

बैठक को संबोधित करते हुये अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के आर्थिक हितों के साथ खिलवाड़ है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका के दबाव में आकर मजबूरी में यह ट्रेड डील की है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर विदेशी कंपनियों का कब्जा बढ़ाने की राह खोली जा रही है। यह फैसला भाजपा सरकार की गरीब-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 24 फरवरी को भोपाल पहुंचकर विधानसभा घेराव आंदोलन में ऐतिहासिक भागीदारी दर्ज कराएं और जनविरोधी भाजपा सरकार को करारा जवाब दें। बैठक में प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, संगठन महामंत्री इब्राहिम पठान, राजेन्द्र सिंह नाती, जेएच जाफरी, हेवरन सिंह कंषाना, मेहबूब भाईचेनवाले, महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती नीनू परिहार, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, विनोद कुमार जैन, अनूप शिवहरे, श्रीमती रेखा जाटव, उपेन्द्र सिंह राजपूत सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# आईटीएम कॉलेज कैंपस में छात्रों के बीचे चले लात-घूंसे, वीडियो वायरल

**ग्वालियर।** आईटीएम कॉलेज तुरारी कैंपस में शुक्रवार को छात्रों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इतना ही नहीं छात्रों ने डंडे हवा में लहराये। घटना शुक्रवार दोपहर को आईटीएम कॉलेज तुरारी कैंपस की बताई जा रही है। शनिवार को मारपीट का 9 सेकंड का एक वीडियो सामने आने के बाद मामले का पता लगा। पूरा मामला 300 रुपए के लेनदेन का बताया जा रहा है। घायल छात्र के भाई ने झांसी रोड थाना में शिकायत की है। शनिवार को वीडियो सामने आने के बाद छात्र का मेडिकल कराने के बाद झांसी रोड थाना पुलिस ने चार हमलावरों पर मामला दर्ज कर लिया है।

मुरैना कैलारस के जरैना मानगढ़ निवासी 19 वर्षीय सुमित कुशवाह छात्र है। अभी वह ग्वालियर के एनके प्लाजा गांधी नगर में किराए पर रह कर पढ़ाई कर रहा है। उसकी बुआ का लड़का विजय कुशवाह आईटीएम कॉलेज तुरारी में बीएसएसी फोरेंसिक साइंस का छात्र है। रोहित यादव भी



इसी कॉलेज का छात्र है। सुमित ने बताया कि विजय ने रोहित को 300 रुपए उधार दिए थे, जब उसने 20 फरवरी की सुबह रुपए मांगे तो रोहित यादव ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन विजय को लगा कि दोपहर में छुट्टी के समय रोहित और उसके साथी उससे झगड़ा करेंगे। इस पर उसने अपने भाई सुमित को सूचना देकर कॉलेज बुला लिया। दोपहर 1.30 बजे सुमित कॉलेज कैंपस में पहुंचा तो वहां पर रोहित यादव, राज यादव, अभिषेक परमार और अखिलेश धाकड़ ने विजय से गाली गलौज शुरू कर दी। जब सुमित ने बीच बचाव किया तो चारों ने उस लात घूसों से मारपीट करते हुए हमला कर दिया। एक छात्र डंडा उठा लाया और मारपीट करने लगा। इसी समय विजय के साथी अमनदीप, कृष्णा, मिंटू आ गए और बीचबचाव कराया। साथ ही मामले की सूचना झांसी रोड थाना में की। इस घटनाक्रम में छात्र का भाई सुमित मुंह, सिर में डंडे लगने से घायल हो गया था।

जब वह झांसी रोड थाना पहुंचा तो पुलिस ने उसका मेडिकल कराया। शिकायत को जांच में लिया गया था, जिस पर आज पुलिस ने चार हमलावर रोहित, राज, अभिषेक व अखिलेश धाकड़ पर मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में झांसी रोड थाना प्रभारी शक्ति सिंह यादव ने बताया कि आईटीएम कॉलेज कैंपस में छात्रों में झगड़ा हुआ था। घायल की शिकायत पर चार हमलावरों पर मामला दर्ज किया गया है।

# वारदात की नीयत से कट्टा लेकर बैठा बदमाश पकड़ा

**ग्वालियर।** नहर कर पुलिया पर देशी कट्टा लेकर किसी वारदात के इरादे से बैठे एक बदमाश को उटीला थाना पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बदमाश के पास से उससे एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिन्दा राउन्ड जप्त किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।



थाना प्रभारी उटीला नरेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि उटीला थाना पुलिस ने देशी कट्टा लेकर बैठे एक बदमाश जुगनू खान पुत्र इसरो खान उम्र 40 साल निवासी ग्राम भटपुरासानी थाना उटीला को पकड़ा है। पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली थी कि नहर कर पुलिया पर एक बदमाश देशी कट्टा लेकर बैठा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति नहर कर पुलिया पर बैठा दिखा, जिसने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर खेत की तरफ भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम जुगनू खान बताया। पकड़े गये संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसकी कमर में एक 315 बोर का देशी कट्टा खुरसा हुआ मिला, जिसे खोलकर चेक किया तो उसमें एक जिंदा राउंड लगा हुआ मिला। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन आज से

**- प्रथम चरण में 80 मूल्यांकनकर्ता कक्षा 12वीं की कापी करेंगे चेक**

**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के साथ ही आज रविवार 22 फरवरी से प्रथम चरण के तहत कक्षा 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू किया जायेगा। बीती 14 फरवरी तक हो चुकी परीक्षाओं में कक्षा 12वीं की एग्रीकल्चर, अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र और अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन किया जायेगा। इस मूल्यांकन के लिये 80 मूल्यांकनकर्ता बुलाये गये है और लगभग 40 हजार उत्तरपुस्तिकायें मूल्यांकन हेतु उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं समन्वय केन्द्र प्रभारी के अनुसार जिला स्तर पर मूल्यांकन कार्य का




प्रथम चरण आज 22 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। जबकि दूसरा चरण तीन मार्च से शुरू होगा। मंडल की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाएं संबंधित सेंटर पर रखवाई गई है। इस बार शिक्षकों की जिम्मेदारी विभाग ने अधिक बढ़ा दी है, क्योंकि अभी तक उन्हें प्रतिदिन 30 उत्तरपुस्तिकाएं जांचनी थी, लेकिन अब उन्हें रोजाना 45 से 60 कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा। अवकाश वाले दिन सुबह 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक मूल्यांकन कार्य होगा। जबकि परीक्षा वाले दिन दोपहर दो बजे से सायं 5 बजे तक तीन घंटे मूल्यांकन किया जायेग। हर साल की तरह इस बार भी मूल्यांकन कार्य समन्वयक संस्था शिंदे की छावनी स्थित शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में हो रहा है। यहां उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित भंडारण और जांच की पूरी व्यवस्था भी की गई है। विद्यालय प्राचार्य जितेन्द्र सिंह आजाद ने बताया कि मूल्यांकन संबंधित शनिवार को शिक्षकों की ट्रेनिंग आयोजित की गई थी। इस बार हाईस्कूल की एक उत्तरपुस्तिका जांचने पर 15 रुपए और हायर सेकंडरी की एक उत्तरपुस्तिका जांचने पर 16 रुपए दिये जायेंगे।

# नाबालिगा का अपहरण कर केआरएच की छत पर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** नाबालिग छात्रा को शादी का झांसा देकर अपहरण कर दुष्कम का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा को धौलपुर लेकर पहुंचा था। पुलिस धौलपुर पहुंची तो आरोपी की लोकेशन मथुरा आ गई। पुलिस मथुरा पहुंची तो आरोपी ग्वालियर लौट आया। यहां रात कमला राजा हॉस्पिटल (केआरएच) की छत पर मरीज के अटेंडेंड बनकर गुजारी। आरोपी ने केआरएच की छत पर नाबालिग से दुष्कर्म किया। घटना दो दिन पहले की है। बहोड़ापुर पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर पहले नाबालिग को मुक्त कराया, फिर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



बहोड़ापुर थाना प्रभारी आलोक परिहार ने बताया कि इस्लामपुरा स्थित रामाजी की पुलिया निवासी सोलह वर्षीय नाबालिग 16 फरवरी को लापता हो गई थी। जब उसका पता नहीं चला तो परिजन ने उसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने लापता के नाबालिग होने पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने नाबालिग की तलाश की तो पता चला कि उसके पास ही रहने वाला फैजान खान पुत्र शहजाद खान उसे अगवा कर ले गया है। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह नाबालिग को धौलपुर ले गया है। पुलिस जब धौलपुर पहुंची तो पता चला कि वहां से नाबालिग को लेकर मथुरा निकल गया। इसका पता चलते ही पुलिस मथुरा पहुंची तो आरोपी वहां से भी निकल गया था। पुलिस लगातार आरोपी का पीछा कर रही थी। ग्वालियर में पुलिस को पता लगा कि वह लक्ष्मीगंज में खाटू श्याम मंदिर के पास देखा गया है। जिस पर पुलिस घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को मुक्त कराया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे लेकर कमलाराजा की छत पर पहुंचा और रात में वह वहां ही रूके थे। यहां पर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने नाबालिग के बयान पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

**- राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिए गए मतदाता सूचियों के सेट व सॉफ्टकॉपी**

**- अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 1429301**

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के




विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिये निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर में भी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार सत्यम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर प्रक्रिया सम्पूर्ण होने की जानकारी दी गई। साथ ही अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली की फोटोयुक्त मतदाता सूची का सेट एवं फोटोरहित मतदाता सूची की सॉफ्टकॉपी (पीडीएफ) प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया विशेष गहन पुनरीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया उपरांत शनिवार को अंतिम रूप से प्रकाशित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में जिले में दर्ज कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 29 हजार 301 है। जिसमें 7 लाख 56 हजार 790 पुरुष मतदाता, 6 लाख 72 हजार 472 महिला मतदाता व 39 अन्य मतदाता शामिल हैं। कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी सीबी प्रसाद, प्रभारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण भारतीय जनता पार्टी से सतेन्द्र धाकड़ व जगदीश शर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस के देशराज भार्गव व चौनसिंह राजपूत, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि रतन बौद्ध एवं आम आदमी के प्रतिनिधि त्रिलोचन सिंह व आशीष राय एवं कम्युनिष्ट पार्टी मार्क्सवादी से एम के जायसवाल सहित अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम ने एसआईआर कार्य में सहयोग के लिये सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं इस कार्य को अंजाम देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

**103 दिनों में पूर्ण हुई एसआईआर की सम्पूर्ण प्रक्रिया**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण का व्यापक कार्य निर्धारित समयावधि अर्थात 103 दिनों के भीतर पूर्ण किया गया। एसआईआर का काम 4 नवम्बर 2025 से शुरू होकर 14 फरवरी 2026 तक दो चरणों में चला।

# तीन चोरी की मोटर साइकिलों के साथ शातिर वाहन चोर पकड़ा

**ग्वालियर।** थाना डबरा सिटी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को बस स्टेण्ड के पीछे बिजली घर के पास से पकड़ा है। पुलिस ने वाहन चोर के पास से चोरी की तीन स्प्लेण्डर मोटर सायकिलें भी जब्त की है। पुलिस वाहन चोर से पूछताछ कर रही है।





थाना प्रभारी डबरा सिटी संजय शर्मा ने बताया कि थाना डबरा सिटी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बस स्टेण्ड के पीछे बिजली घर के पास आने जाने वाले राहगीरों से कम दाम में मोटर साईकिल को खरीदने बेचने की बात कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम को तस्दीक हेतु मौके पर भेजा गया तो बस स्टेंड के पीछे बिजली घर के पास मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति बिना नंबर की हीरो होण्डा मोटर साइकिल पर बैठा मिला। जिससे गाड़ी के कागजात के संबंध में जानकारी ली तो उसने न होना बताया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम बृजेश सेन पुत्र कमल सेन उम्र 34 निवासी ग्राम काली पहाडी थाना सीहोर जिला शिवपुरी बताया। पकड़े गये संदिग्ध से गहनता से पूछताछ करने पर उसने करीब 10 दिन पहले मोटर साईकिल ओम गार्डन डबरा से चोरी करना बताया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर थाना डबरा सिटी पुलिस ने चोरी की दो और मोटर साइकिलों को जप्त किया है। जिसमें से एक स्प्लेण्डर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी07एनई 2209 को शांति पैलेस गार्डन डबरा की पार्किंग तथा दूसरी स्प्लेण्डर मोटर साइकिल को थाना बड़ोनी जिला दतिया क्षेत्र के पटवारी फार्म हाउस झांसी-ग्वालियर हाइवे से उसने चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी से कुल तीन चोरी की स्प्लेण्डर मोटर साइकिलों को जब्त किया है।

# सवर्ण समाज की सामाजिक गोष्ठी आज, स्वामी आनंद स्वरूप होंगे मुख्य वक्ता

**ग्वालियर।** सवर्ण समाज समन्वय समिति (एस4) के तत्वाधान में रविवार को दोपहर 12 बजे से गोले का मंदिर स्थित इंद्रप्रस्थ गार्डन में सामाजिक गोष्ठी आयोजित की जा रही है, जिसके लिए शनिवार को इंद्रप्रस्थ गार्डन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक अखिलेश पांडे एवं एड. आशुतोष दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एस4 के संस्थापक एवं शांभवी पीठ के पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप महाराज होंगे। इसके अलावा वक्ता के रूप में पूर्व प्रधान आयुक्त भारत सरकार डॉ. अनूप श्रीवास्तव, पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय करणी सेना डॉ. राज शेखावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना महिपाल सिंह मकराना,



अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजीव सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्वामी आनंद स्वरूप सुबह 11 बजे महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मानस भवन पहुंचकर गोस्वामी तुलसीदास की पूजा अर्चना करेंगे। तत्पश्चात में गांधी रोड स्थित परशुराम चौराहे पहुंचेंगे, जहां भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी। यहां समाज से भी धर्मेंद्र भारद्वाज द्वारा उन्हें फरसा भेंट किया जाएगा। इसके बाद वह गोले का मंदिर स्थित इंद्रप्रस्थ गार्डन पहुंचकर सामाजिक गोष्ठी को संबोधित करेंगे। भूमिपूजन में महेश मुदगल, संजीव गर्ग, जयवीर भारद्वाज, रामबाबू कटारे, हरिदास अग्रवाल, रामनारायण मिश्रा, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव राजा, शैलेंद्र सिंह राजावत आदि सवर्ण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## देशी शराब के क्वार्टर बेचते दो तस्कर दबोचे

**ग्वालियर।** महाराजपुरा पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसते हुए दो तस्करों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से देशी शराब के 44 क्वार्टर बरामद किए गए। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया है। एसएसपी धर्मवीर सिंह ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए हैं। महाराजपुरा थाना प्रभारी यशवंत गोयल ने बताया कि गुरुवार रात 10 बजे सूचना मिली थी कि भिंड-ग्वालियर रोड पर अवैध शराब बेची जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह को पकड़ लिया। आरोपी के पास से देशी शराब के 22 क्वार्टर मिले। टीआई गोयल ने बताया कि अवैध शराब बेचने वाले के खिलाफ दूसरी कार्रवाई परशराम चौराहा सेंथरी रोड पर की गई। वहां से गजराज राय पुत्र गोरेलाल राय को पकड़ा गया। आरोपी के पास से 22 क्वार्टर देशी शराब के मिले। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि अवैध शराब कहां से लाए और कब से यह काम कर रहे हैं।

# संपादकीय

## एआई बदलेगा विकास का भविष्य, दिल्ली समिट से उभरीं संभावनाएं और चुनौतियां

यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है।

निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब भविष्य की दुनिया की सच्चाई है

इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी।

इसके अलावा, एआइ आधारित तकनीक का बेजा इस्तेमाल करके भयादोहन, डीपफेक से जुड़ी जटिलताएं, डेटा केंद्रों से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव, ज्यादा से ज्यादा डेटा हासिल करके उसका मनमाना उपयोग और उसे नियंत्रण का एक औजार बनाने जैसे सवाल भी सामने खड़े होंगे। इन समस्याओं का हल निकालने पर ही इस तकनीक की साख निर्भर करेगी।

यों दिल्ली के सम्मेलन में एक सकारात्मक उम्मीद यह जताई गई कि एआइ अरबों लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकता है और एक बेहतर दुनिया बना सकता है। मगर यह इस पर निर्भर करेगा कि एआइ की नई दुनिया में वंचित तबकों एवं गरीब आबादी की कितनी पहुंच संभव हो सकेगी और इसका चेहरा कितना मानवीय तथा समावेशी बनाया जा सकेगा।

# हर दो मिनट में तीन मौतें, क्या भारत में कैंसर बन रहा है अगली महामारी

**ऐसे में आने वाले वक्त में हर साल बीस लाख से ज्यादा मौतें कैंसर से होने का अनुमान है। केंद्र सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2024 में देश भर में कैंसर के पंद्रह लाख से अधिक मामले सामने आए, जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा करीब 14 लाख 96 हजार था।**




आज के तकनीकी दौर में बदलती जीवनशैली के साथ कैंसर का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया में हर साल एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। गरीब और विकासशील देशों में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है। भारत ने पोलियो पर नियंत्रण पाने में कामयाबी हासिल की है, लेकिन ऐसी तमाम बीमारियां हैं जो देश के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं। कैंसर भी इनमें एक है। भारत में कैंसर तेजी से पैर पसार रहा है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) का अनुमान था कि वर्ष 2025 के अंत तक हर पांच में से एक पुरुष और छह महिलाओं में से एक महिला कैंसर से पीड़ित होगी।यह अनुमान अब वास्तविक आंकड़ों में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में हर दो मिनट में तीन लोगों की मौत कैंसर से होती है। ऐसे में आने वाले वक्त में हर साल बीस लाख से ज्यादा मौतें कैंसर से होने का अनुमान है। केंद्र सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2024 में देश भर में कैंसर के पंद्रह लाख से अधिक मामले सामने आए, जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा करीब 14 लाख 96 हजार था। इसी तरह वर्ष 2022 में 14 लाख 61 हजार से ज्यादा और 2021 में 14 लाख 26 हजार से अधिक कैंसर के मामले दर्ज किए गए। यानी हर वर्ष कैंसर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

आईएआरसी के आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से पीड़ित पुरुषों में से 16.3 फीसदी की मौत मुंह के कैंसर से, 8 फीसदी की फेफड़े के कैंसर से और 6.8 फीसदी की पेट के कैंसर से होती है। पिछले कुछ वर्षों में पुरुषों में मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ा है। यह तंबाकू सेवन से जुड़ा है, जबकि धूम्रपान से होने वाले कैंसर में कुछ कमी आई है। पिछले एक दशक में कैंसर से होने वाली मौतों में दोगुनी रफ्तार देखी गई है, जबकि केंद्र और राज्य सरकारें इस बीमारी को लेकर सक्रियता का दावा करती हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, सबसे ज्यादा आबादी वाले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 में दो लाख से ज्यादा कैंसर के मामले सामने आए। इसके बाद महाराष्ट्र में करीब एक लाख सत्ताईस हजार मामले दर्ज हुए। पश्चिम बंगाल में करीब एक लाख अठारह हजार, बिहार में एक लाख पंद्रह हजार, तमिलनाडु में लगभग 98 हजार और कर्नाटक में करीब 95 हजार मामले सामने आए। अन्य राज्यों में भी स्थिति चिंता पैदा करने वाली है।

देश में कैंसर उन राज्यों में अधिक तेजी से बढ़ रहा है जो आर्थिक रूप से पिछड़े माने जाते हैं। बिहार में हर साल तकरीबन एक लाख मामले सामने आते हैं। वहां तंबाकू सेवन करने वाले और मुंह के कैंसर से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। महिलाओं में भी कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी कैंसर का प्रसार बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2022 में लगभग दो करोड़ नए मामले सामने आए, जिनमें से 97 लाख लोगों की मृत्यु हो गई। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक कैंसर से मृत्यु दर में 78 फीसदी और मरीजों की संख्या में 70 फीसदी की वृद्धि हो सकती है। भारत में हर साल 10 से 14 लाख नए मामले सामने आते हैं, जिनमें से 77 फीसदी से अधिक की मौत हो जाती है।

कैंसर से बढ़ती मौतों की प्रमुख वजह समय पर पहचान न होना

कैंसर से बढ़ती मौतों की प्रमुख वजह समय पर पहचान न होना, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, जागरूकता का अभाव और समय पर इलाज न मिल पाना है। एक सर्वेक्षण में सामने आया है कि भारत में चिकित्सकों की कमी भी बड़ी वजह है। आंकड़ों के अनुसार, देश में दो हजार कैंसर मरीजों पर महज एक चिकित्सक है, जबकि अमेरिका में यह अनुपात सौ मरीजों पर एक चिकित्सक का है।

पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं में कैंसर का प्रसार तेजी से बढ़ा है। इसके प्रमुख कारणों में बदलती जीवनशैली, वंशागत जटिलताएं और गुणसूत्रों में बदलाव शामिल हैं। 'पैपिलोमा' विषाणु से ग्रीवा और गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। एचआईवी संक्रमण और 'हेलिकोबैक्टर' जीवाणु से भी कैंसर की आशंका बढ़ती है। तनाव, शारीरिक गतिविधियों का अभाव और आधुनिक खानपान भी जिम्मेदार हैं। गरीब मजदूर-किसानों में कैंसर से मौत की दर अधिक है। खासकर बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में खदानों, सीमेंट, पत्थर, ईंट-भट्टों और रासायनिक संयंत्रों में काम करने वाले मजदूरों में जोखिम अधिक है।

सरकार की ओर से जागरूकता अभियान चलाए गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में उनका असर सीमित है। केवल आंकड़ों से जागरूकता संभव नहीं है। लोगों के मन से कैंसर का डर निकालना भी जरूरी है। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कैंसर की जानकारी मिलते ही व्यक्ति के मन में मौत का भय हावी हो जाता है, जिससे मानसिक और शारीरिक जटिलताएं बढ़ती हैं।सरकारी तंत्र, गैरसरकारी संगठन और समाज को मिलकर कैंसर के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने होंगे। डरने की बजाय डटकर मुकाबला करना होगा। नीति निर्माताओं को इस संकट को केंद्र में रखकर नई योजनाएं बनानी होंगी, तभी कैंसर की रोकथाम की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।हड्डियों में दर्द होना आम समस्या है। कभी यह ज्यादा चलने-फिरने, चोट लगने, कैल्शियम की कमी या बढ़ती उम्र के कारण हो सकता है। आप जानते हैं कि अक्सर नजरअंदाज किया जाने वाला ये दर्द बोन कैंसर (क्वभ्ठढ्ढ ष्ठ्ठठ्ठद्गह्र) या किसी दूसरे कैंसर का भी संकेत हो सकते हैं। विश्व कैंसर दिवस 2026 के मौके पर डॉक्टरों का कहना है कि अगर हड्डियों का दर्द लंबे समय तक बना रहे, लगातार बढ़ता जाए या फिर रात में ज्यादा परेशान करे तो आप इसे हल्के में नहीं लें। परेशानी की बात तब और ज्यादा है जब दवा का इस्तेमाल करने के बाद भी दर्द जस का तस बना रहे।

# मोह के धागे' खोलती एक स्वेटर से शुरू हुई जीवन की अनकही कहानी

गर्मी की दस्तक के साथ ही लोग अपने गर्म कपड़े संभालने लगते हैं, लेकिन ऐसा भी कोई व्यक्ति होता है, जो इस मामले में थोड़ी अलग संवेदना रखता है। वह अपना आधी बाजू का एक स्वेटर अपनी कमीजों की अलमारी में ही रख देता है। वह गर्मियों में भी दिखता रहता है, तो उसे मन ही मन सुकून मिलता है। दरअसल, एक दफा उसका यह स्वेटर ढूंढ़ने से भी नहीं मिला, तो वह बेचैन हो गया था और उसने सारा घर सिर पर उठा लिया। परिवार के सारे सदस्य ढूंढ़ने में लग गए। दो दिनों बाद बमुश्किल पलंग के नीचे बने दराज से मिला। तब से उस व्यक्ति ने इसे सर्दियों के कपड़ों के साथ संभाल कर रखना छोड़ दिया।

अब ऐसा लगता है कि वह अपना यह खासमखास स्वेटर कभी नहीं छोड़ पाएगा, क्योंकि स्वेटर पहनते ही उसकी मधुर यादों की एक खिड़की खुल जाती है। एहसासों की गरमाहट महसूस करते-करते सालों-साल पीछे लौट जाता है। उसकी मां के जिन हाथों ने कभी यह स्वेटर बुना था, अचानक उसे सिर-माथे पर फिरते महसूस होते हैं। वह छात्र था, तो बुनते-बुनते उसकी मां उसकी पीठ पर लगा कर देखती कि नाप ठीक है न! कभी खेल रहा होता, तो आवाज लगा कर बुलाती और छाती से लगा कर स्वेटर की नाप जांच लेती।

कई छात्र मानते हैं कि पुराने-घिसे कपड़े पहन कर पढ़ाई करने में एकाग्रता बढ़ती है

हर किसी को अपनी पुरानी चीजों से जुड़ाव होता है। पुराना वाहन या पुरानी कलम ही क्यों न हो, उससे चलना या लिखना सहूलियत भरा लगता है। इसीलिए परीक्षार्थी अमूमन नए के बजाय पुरानी कलम लेकर ही परीक्षा के प्रश्नोत्तर लिखने में बेहतरी महसूस करते हैं। पुरानी कलम अंगुलियों पर बैठी होती है। कई छात्र मानते हैं कि पुराने-घिसे कपड़े पहन कर पढ़ाई करने में एकाग्रता बढ़ती है।

जीवन सिखाता है कि साजो-सामान और तामझाम जुड़ता रहेगा और खोता रहेगा। कुछ भी सदा के लिए संग नहीं रहेगा। कभी हम त्याग देंगे, कभी वह अलविदा कह देगा। शुरुआती दौर में, हर बिछड़ना दिल तोड़ता है, लेकिन समय के साथ समझ आता है कि हर किसी का आना किसी मकसद से होता है, कुछ सिखाने, कुछ आराम देने और कुछ मजबूत बनाने के लिए। हमेशा के लिए कुछ भी नहीं ठहरता, बस एक अध्याय या दौर की तरह आता है और अपना कर्म निभा कर चला जाता है। सीख मिलती है कि साथ यहीं तक था।

इस परम सत्य को दिल से स्वीकार करते ही गजब की शांति और सुकून का अनुभव होता है। जो मौजूदा दौर में हाथ में है, वही हाल-फिलहाल हमारा है। जो चला गया, छूट गया, नष्ट हो गया, मियाद पूरी कर गया, उसका हमारा नाता वहीं तक था। यही जीवन है- आना और जाना, मिलना और बिछुड़ना, और हर अदल-बदल पर खुद को थोड़ा समझाना, सांत्वना देना। कुदरत ने अनगिनत मिसालें पेश कर सिखाया है कि हर चीज का प्रारंभ और अंत निश्चित है। बिछुड़ने के बावजूद कुदरत ने जीवित रहने के हौसले से लैस रहने की प्रवृत्ति भी कूट-कूट कर भरी है।

सयाने लोग समझाते रहे हैं कि पूरा अस्तित्व, हर एक पल, उत्सव की तरह आनंदित करने योग्य है। इसलिए खुद को एक दौर या एक वस्तु विशेष तक सीमित या बांध कर न रखा जाए। जो व्यक्ति अपनेपन के मोह के धागे तोड़ कर स्वतंत्र भाव से जीने लगता है, वह किसी माया-बंधन में नहीं बंधता। जो होता है और हो रहा है, उसे सहर्ष गले लगा लिया जाए। अब तक जो पाया है, उसे भूल जाया जाए। अतीत को भूलने और उससे अलग होने के बाद पीछे मुड़-मुड़ कर देखना व्यर्थ है।

वर्तमान में रहने की जरूरत है, क्योंकि जीवन परिवर्तन का ही नाम है। इसलिए नियंत्रित करने की कोशिश न ही की जाए। हर इंसान स्वयं में पूर्ण है। पूर्ण होने या बनने के लिए किसी और की आवश्यकता नहीं रहती। जो कुछ चाहिए, वह हरेक के भीतर ही है। इसे पहचानने वाला व्यक्ति शर्तिया समस्त बंधनों से मुक्त हो जाता है। कोई खोजा जाता है, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। बाहर से हासिल नहीं करना, वह तो भीतर ही समाया है।

प्रभुत्व की चाह में विशाल और शक्तिशाली साम्राज्य स्थापित करने में तमाम देश और उद्योग घराने पीछे नहीं हटते। मिस्र, यूनान, ब्रिटिश समेत कई साम्राज्य और वैश्विक स्तर पर मशहूर कई कारोबारी दिग्गज दुनिया या बाजारों पर हावी रहे। फिर लापता भी हो गए। दूसरे शब्दों में, जीवन का भाव होना चाहिए कि 'जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है। जो होगा, वह भी अच्छा होगा। तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो? तुम क्या लाए थे, जो तुमने खो दिया? तुमने क्या पैदा किया, जो नष्ट हो गया? वास्तविकता यही है कि तुमने जो पाया, यहीं से पाया। जो दिया, यहीं पर दिया। जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का था, कल किसी और का हो जाएगा।' सृष्टि की इस नसीहत और नियम का बखान एक पुराने फिल्मी गीत के बोल क्या खूब करते हैं- '...जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ लिया/ जो खो गया मैं उसको भुलाता चला गया/ गम और खुशी में फर्क न महसूस हो जहां/ मैं दिल को उस मुकाम पे लाता चला गया..।'

सार्वजनिक शोक कई बार रणनीतिक माना जाता है- सहानुभूति, या सांस्कृतिक निकटता का निमंत्रण। कुछ लोग शोक सामग्री की इस नई लहर को 'प्रदर्शनकारी शोक' कहते हैं, क्योंकि ये 'लाइक' की गिनती संभावित रूप से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ने या कुछ मामलों में पैसे भी दिला सकती है। जब 26 जनवरी, 2020 को अमेरिका के मशहूर बास्केटबाल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट की मृत्यु हुई, तो सोशल मीडिया मानो एक विशाल स्मारक बन गया, लेकिन शोक मनाने वालों की आलोचना हुई। कहा गया कि आप एक ऐसे बास्केटबाल खिलाड़ी के बारे में आनलाइन क्यों आंसू बहा रहे हैं, जिसे आप निजी तौर पर जानते तक नहीं! मगर जो लोग सचमुच दुख का इजहार करने की कोशिश करते हैं, उनके लिए आनलाइन माहौल अक्सर भ्रामक बन जाता है।


# किशोरों को व्यवस्थित जीवनशैली के लिए कैसे प्रेरित किया जा सकता है?

**किशोरों को यदि काम करने के तरीकों में कुछ विकल्प दिए जाएं, तो वे स्वयं को अधिक जिम्मेदार और प्रेरित महसूस करते हैं। केवल परिणामों पर ध्यान देने के बजाय उनके प्रयास और मेहनत की सच्ची सराहना करना जरूरी है।**

### विकल्प और विश्वास से बढ़ती है प्रेरणा

किशोरों को यदि काम करने के तरीकों में कुछ विकल्प दिए जाएं, तो वे स्वयं को अधिक जिम्मेदार और प्रेरित महसूस करते हैं। केवल परिणामों पर ध्यान देने के बजाय उनके प्रयास और मेहनत की सच्ची सराहना करना जरूरी है। इससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है और वे भीतर से प्रेरित रहते हैं। परिवार और शिक्षक ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाएं, जहां किशोर बिना डर अपनी बात कह सकें। उनकी भावनाओं को समझना और उन्हें अपने निर्णय लेने का अवसर देना आवश्यक है। अपने फैसलों के परिणामों से सीखकर उनमें जिम्मेदारी की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। - **प्रवेश भूतड़ा, सूरत**

स्वस्थ दिनचर्या और सकारात्मक



सोचकिशोरों को संतुलित और व्यवस्थित जीवन के लिए पोष्टिक आहार अपनाने की आदत डालनी चाहिए। रोजाना निश्चित समय पर व्यायाम और पर्याप्त विश्राम भी जरूरी है। जंक फूड और बाहरी हानिकारक खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखना उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। साथ ही, सकारात्मक व्यवहार और अच्छी संगति जीवनशैली को सही दिशा देती है। वर्तमान समय में नशीले पदार्थों से दूर रहना और असामाजिक गतिविधियों से बचना बेहद आवश्यक है। स्वस्थ शरीर और साफ सोच ही बेहतर भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। - जितेन्द्र मोकलसर, बालोतरा

### परिवार और शिक्षक बनें आदर्श

किशोरों को अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने में परिवार और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि बड़े स्वयं अनुशासन और समय-पालन का उदाहरण प्रस्तुत करें, तो किशोर सहज ही उसे अपनाते हैं। छोटे-छोटे लक्ष्य तय कराना, समय-सारणी बनवाना और डिजिटल अनुशासन सिखाना उपयोगी कदम हैं। उन्हें जिम्मेदारियां देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। खेल, योग और उद्देश्यपूर्ण मार्गदर्शन से उनमें आत्मनियंत्रण और धैर्य विकसित होता है। यह आदतें आगे चलकर उनके जीवन में दीर्घकालिक सफलता का आधार बनती हैं। - अभिषेक सांखला, बीकानेर

# एआइ के दौर में कला से जुड़ी जीवंतता

**परंतु सब-कुछ जब मशीन ही करेगी तो मौलिक रचना और उसमें बसने की संभावनाएं क्या तेजी से समाप्त नहीं होंगी! एआइ शून्य से सृजन नहीं करती। मानव मस्तिष्क से पुनर्सरचना और अनुमान पर ही इसका अस्तित्व है।**

**डॉ. राजेश कुमार**

एआइ इंपैक्ट समिट ने वैश्विक स्तर पर हमें अग्रणी करने की दृष्टि से भले ही जोड़ा है, परंतु मौलिक चिंतन और मनन में यह शून्य उपजाने की बहुत-सी आशंकाएं लिए भी है। लुप्त कलाओं की रिकॉर्डिंग अभिलेखीय संरक्षण में इसका बेहतर उपयोग हो सकता है, परंतु सब-कुछ जब मशीन ही करेगी तो मौलिक रचना और उसमें बसने की संभावनाएं क्या तेजी से समाप्त नहीं होंगी! एआइ शून्य से सृजन नहीं करती। मानव मस्तिष्क से पुनर्सरचना और अनुमान पर ही इसका अस्तित्व है। बड़ा संकट यह भी है कि हमने सूचनाओं को ही ज्ञान मानना प्रारंभ कर दिया है। सूचनाएं संस्कृति से जुड़ी दृष्टि तक पहुंच की सुगमता हो सकती है, परंतु कलाओं से जुड़ा विचार नहीं हो सकती। भारतीय कलाएं प्रतिकर्मी हैं।

संगीत, नृत्य, नाट्य, चित्रकलाएं आदि सभी में प्रतीकों से सूचनाओं का संप्रेषण होता है। एब्सट्रेक्ट ही नहीं, आदिवासी और जनजातीय कलाओं के संसार में जाएंगे तो पाएंगे, वहां प्रतीकों में, अर्थगर्भित संकेतों में और कहन की भांत-भांत की छटाओं में संसार बुना गया है। एआइ बहुत सारा एकत्र शास्त्रीय संगीत, नृत्य की भंगिमाओं, नाट्य से जुड़ी परंपराओं का एकत्रीकरण कर स्वयंमेव बहुत सारा उससे नया गढ़ देगी परंतु वहां मनुष्य सिरजे की जीवंतता कहां से आएगी! प्रकृति की छटाएं, परिवेश की सुगंध वहां कैसे घुलेगी! जब बहुत सारा संस्कृति से जुड़ा सूचनाओं का ढेर हमारे पास सदा मौजूद रहेगा तो यह भी हो सकता है कि हम कला में नया कुछ रचने की आदत को ही बिसरा दें।

याद रखें, प्रकृति और परिवेश का संतुलन बिगड़ते ही सूचनाओं के स्रोत सूखने लगते हैं। मनुष्य और मशीन में यही बड़ा फर्क है। मनुष्य मस्तिष्क परिवेश और प्रकृति प्रदत्त सूचनाओं को निरंतर ग्रहण करता है, परंतु कहीं ठहरता नहीं है। इसलिए बहुतेरी बार अनपेक्षित अप्रत्याशित कलाओं का सृजन अनायास मनुष्य मन कर देता है। एआइ में कलाओं से जुड़ी सूचनाओं के स्रोत महत्वपूर्ण कारक होते हैं। इनके आधार पर वहां बुद्धिमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन होता दिखता है, पर यदि सूचनाएं गलत होंगी या अनर्गल होंगी तो सर्वथा विनाश की संभावनाएं भी बनेंगी। मानव मस्तिष्क को पढ़ उससे अपना गढ़ने का गुण तो एआइ ने पा लिया है, परंतु सूचनाओं को संस्कृति मान आगे बढ़ने का जोखिम बढ़ने लगा है।

चिंतन, ठहरकर सोचने की दृष्टि चुपके से हमसे लोप होने लगी है। एकरसता में विविधता सिमट रही है। कलाओं से जुड़ी विरासत का डिजिटलाइजेशन तो हो रहा है, पर संकट यह है कि उसमें जो कुछ हमारे पास मौजूद है, उसे पढ़ने की फुर्सत एक समय में बहुत सारा एक साथ पाने के लालच में क्या मिल पाएगी!



# 'भारतीय टीम पर दबाव ज्यादा, हम फायदा उठाएंगे' : दक्षिण अफ्रीका कोच

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप 2026 का सुपर-8 मुकाबला रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में खेला जाना है। दोनों टीमों के लिए सुपर-8 का यह पहला मैच है। ग्रुप स्टेज में अजेय रही दोनों ही टीमें सुपर-8 की शुरुआत भी जीत के साथ करना चाहेंगी। दक्षिण अफ्रीका के कोच शुक्री कॉनराड का मानना है कि भारतीय टीम पर दबाव ज्यादा होगा। शुक्री कॉनराड ने अभ्यास सत्र के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'दोनों टीमों पर दबाव है, लेकिन मौजूदा चैंपियन होने के नाते भारत इसे ज्यादा महसूस करेगा। दक्षिण अफ्रीका दबाव को अपनाएगा और उसका फायदा उठाएगा, न कि उससे घबराएगा।' उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम पर सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने



का दबाव होगा। उम्मीद है कि हम उन्हें एक्सपोज कर पाएंगे और उस दबाव में उन्हें कमजोर बना पाएंगे। हालांकि, भारतीय टीम कमजोर नहीं है। '

कॉनराड ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम सभी टॉप टीम के खिलाफ खेलने के दबाव के बारे में बात करते हैं। हमें ठीक से पता नहीं है कि वे किस दबाव में हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि जो खिलाड़ी पिछले तीन मैचों में तीन बार डक पर आउट हुआ है, उस पर अपनी टीम में जगह बनाने का दबाव नहीं है। '

दक्षिण अफ्रीका के कोच ने अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म को भारतीय टीम की कमजोरी नहीं मानते हुए कहा कि एक की खराब फॉर्म से टीम कमजोर नहीं होती। टीम इंडिया मजबूत है, और उन्होंने अभिषेक का समर्थन किया है।

भारतीय टीम के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का टी20 में हालिया प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इस पर कॉनराड का कहना था कि द्विपक्षीय सीरीज और विश्व कप के मैचों में बहुत अंतर होता है।

# भारत से हार के बाद बदला पाकिस्तान का गेम प्लान, बाबर को 4 नंबर से हटाकर नीचे किया

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप मैच में पाकिस्तान को भारत के हाथों 61 रनों की हार का सामना करना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में 2 ओवर में 31 रन देकर एक विकेट लिया था, जबकि बाबर सिर्फ 5 रन ही बना सके थे।

इसके बाद करो या मरो मुकाबले में पाकिस्तान टीम ने नामीबिया के खिलाफ तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया, वहीं पूर्व कप्तान बाबर आजम को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेज दिया गया।

इन बदलावों को भारत से मिली हार का 'साइड इफेक्ट' माना जा रहा था, लेकिन टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने इन अटकलों को खारिज कर




दिया है। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि ये फैसले किसी हार की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि पूरी तरह टीम की रणनीति का हिस्सा थे।शाहीन की जगह सलमान मिर्जा को मौका देने की वजह शाहीन शाह अफरीदी को ड्रॉप किए जाने के सवाल पर कोच माइक हेसन ने कहा, 'यह कहना गलत होगा कि उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से बाहर किया गया। हमारा मानना था कि सलमान मिर्जा को मौका मिलना चाहिए, वे इसके हकदार थे। यह टीम की जरूरत के हिसाब से लिया गया फैसला था, कोई बड़ा बदलाव नहीं।'

पावरप्ले में बाबर का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय बाबर आजम को ओपनिंग से हटाकर नीचे भेजने पर हेसन ने कहा, 'बाबर खुद इस बात को जानते हैं कि वर्ल्ड कप के पावरप्ले में उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम है। टी-20 क्रिकेट में हमें पावरप्ले के दौरान इस तरह की धीमी बल्लेबाजी की जरूरत नहीं है।

# बांग्लादेश असिस्टेंट कोच ने असिफ नजरुल को झूठा कहा बोले- टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बायकॉट पर यू-टर्न लिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने देश के पूर्व खेल सलाहकार असिफ नजरुल को कड़ी चेतावनी दी है और उन्हें झूठा बताया है। यह विवाद उस बयान को लेकर है जिसमें नजरुल ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से भारत में खेलने का बायकॉट करने के फैसले को लेकर अपनी बात बदल दी।

शुरू में नजरुल ने कहा था कि बांग्लादेश सरकार ने सुरक्षा कारणों से टीम को भारत में मैच खेलने से मना किया। लेकिन बाद में यू-टर्न लेते हुए उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय खुद खिलाड़ियों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लिया था।

शिक्षक कम ही झूठ बोलते हैं सलाहुद्दीन ने कहा, इतनी साफ तौर पर झूठ बोला। मैं खुद एक शिक्षक हूं और आम तौर पर शिक्षक कम झूठ बोलते हैं। लेकिन जिस तरह उन्होंने खुलेआम ऐसी बातें कही, मैं इसकी कल्पना भी



नहीं कर सकता। अब मैं खिलाड़ियों के सामने अपना चेहरा कैसे दिखाऊं?

उन्होंने आगे कहा, नजरुल ने पूरी तरह से यू-टर्न ले लिया। वह ढाका विश्वविद्यालय जैसे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान में शिक्षक हैं। मेरे देश के इतने बड़े संस्थान से जुड़े व्यक्ति का इस तरह झूठ बोलना हम स्वीकार नहीं कर सकते। पहले उन्होंने एक बात कही और बाद में पूरी तरह पलट गए।।

भारत में खिलाड़ियों के सुरक्षा की चिंता- नजरुल बांग्लादेश सरकार के पूर्व खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम को भारत भेजने से मना किया था। उन्होंने कहा था, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर रिश्ते सुधारना चाहते हैं बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक क्ष्ष्टढ्ढ और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया।

हक ने कहा था- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।

# साल दर साल जी रहा हूं, दिसंबर 2026 तक संन्यास ले सकता हूं: नेमार

नई दिल्ली । ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर नेमार का करियर चोटों की वजह से प्रभावित रहा है। इंजरी से परेशान नेमार फुटबॉल को अलविदा कहने की सोच रहे हैं। नेमार ने शुक्रवार को ब्राजील के ऑनलाइन चैनल केज पर फुटबॉल से संन्यास लेने की संभावना जताई। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि अब से क्या होगा। मुझे अगले साल के बारे में भी नहीं पता। हो सकता है कि जब दिसंबर आए, तो मैं रिटायर होना चाहूं। मैं अब साल दर साल जी रहा हूं। '

नेमार ने कहा, 'यह वर्ल्ड कप का साल है। इसलिए बहुत जरूरी है। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ मेरे लिए भी। '

34 साल के हो चुके नेमार ने पिछले महीने अपने बचपन के क्लब सैंटोस के साथ अपने अनुबंध का नवीनीकरण किया था। नेमार जनवरी 2025 में सैंटोस लौटे और टीम को



ब्राजील की टॉप टीम बने रहने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सीजन के आखिरी पांच मैचों में पांच गोल किए।

नेमार की हाल ही में घुटने की सफल सर्जरी हुई थी। वह बार-बार होने वाली चोटों से जूझ रहे हैं। इंजरी ने उनके करियर पर असर डाला है। ब्राजील के लिए अब तक के सबसे ज्यादा 79 गोल करने वाले नेमार अक्टूबर 2023 के बाद से राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेले हैं। इससे आने वाले फुटबॉल विश्व कप में भी उनके खेलने पर सवाल है।

ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने पिछले साल बार-बार कहा है कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए सिर्फ पूरी तरह से फिट खिलाड़ियों पर ही विचार किया जाएगा। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक कनाडा, मैक्सिको और यूनाइटेड स्टेट्स में खेला जाना है।

नेमार ने 18 साल की उम्र में 2010 में ब्राजील की फुटबॉल टीम के लिए खेलना शुरू किया था। उस समय उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें दुनिया का अगला बड़ा सितारा माना जा रहा था। कई मौकों पर नेमार ने अपनी असाधारण प्रतिभा दिखाई भी, लेकिन इंजरी ने उनके करियर को बुरी तरह प्रभावित किया है। इंजरी ने उनके कई महत्वपूर्ण साल खराब किए और इस दौरान उनसे जूनियर रहे खिलाड़ी काफी आगे निकल गए।

## देश-प्रदेश

# जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक 24 को

**ग्वालियर।** जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक 24 फरवरी को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक प्रातः 10.30 बजे कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में बाल भवन में आयोजित होगी।

ज्ञात हो जनगणना 2027 से संबंधित गतिविधियों के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिये कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में आयुक्त नगर निगम श्री संघ प्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री अनिल बनवारिया, प्रभारी जिला योजना अधिकारी श्री सूर्यकांत त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती तृप्ति निगम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिओम चतुर्वेदी, प्रभारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्रीमती भूमिजा सक्सेना व जनसंपर्क अधिकारी श्री हितेन्द्र सिंह भदौरिया को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

### अधिकारियों का प्रशिक्षण भी होगा

जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक के बाद 24 फरवरी को बाल भवन के एसक्यूआई सभागार में जनगणना कार्य में संलग्न किए गए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समस्त चार्ज व सह चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, अपर तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण 25 फरवरी को भी जारी रहेगा। इसी प्रकार नगर पालिक निगम ग्वालियर के नगर जनगणना अधिकारी, जोनल चार्ज अधिकारी एवं लिपिकों का प्रशिक्षण 26 व 27 फरवरी को बाल भवन में रखा गया है।

# ऐंजल हाईट्स मल्टी के रहवासियों ने अव्यवस्थाओं पर उठाए सवाल

**ग्वालियर।** सिरोल के पास ऐंजल हाइट्स के निवासी बेहद परेशान हैं और अव्यवस्थाओं के कारण समस्या से जूझ रहे हैं। मल्टी के निवासी तरुण राजोरिया ने बताया कि ऐंजल हाईट्स में हमारे जैसे करीब 150 लोगों ने फ्लैट खरीदा था तब बिल्डर नरेश गुप्ता ने हमें फायर सेफ्टी, लिफ्ट सीसीटीवी कैमरे, चौकीदार से लैस बिल्डिंग बता कर अनुबंध किया था लेकिन आज तक ना ही लिफ्ट लगी है और ना ही फायर सेफ्टी। पानी आपूर्ति दो-दो दिन तक बंद कर दी जाती है। वहीं सफाई को लेकर कोई



उचित इन्तेजाम नहीं है। इस मामले में जनसुनवाई में नगर निगम कमिश्नर को शिकायत की है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुई है। परिसर से पंद्रह दिन से कचरा नहीं उठाया गया है, वहीं चौकीदार ना होने के कारण आवारा पशु गंदगी फैला रहे हैं, जिसको लेकर प्रशासन से रहवासियों ने शिकायत पर कार्रवाई करने की मांग की है। मल्टी में फ्लैट में रहे रहे लोगों का कहना है कि बिल्डिंग प्रमोटर नरेश गुप्ता से जब इस समस्या को लेकर कॉल करते है तो उनसे संतोषजनक जवाब नहीं मिलता या फिर उनका फोन नंबर ही स्विच ऑफ रहता है।

# श्रम आयुक्त ने आउटसोर्स कर्मचारियों का 11 महीने का वेतन जारी करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** श्रम आयुक्त तन्वी हुड्डा ने समस्त विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों को 11 महीने का एरियर भुगतान करने का आदेश जारी किया है। मध्य प्रदेश संविदा ठेका स्वास्थ्य श्रमिक कर्मचारी संघ (इंटक ) संघ के प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी ने बताया कि 11 माह के एरियर के लिए आउटसोर्स कर्मचारी बहुत परेशान थे जिसके लिये संघ के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया जा रहा था। कई बार संघ के द्वारा ज्ञापन एव पत्राचार के बाद श्रमायुक्त मध्यप्रदेश शासन ने हाल ही में सभी जिलों में एरियर भुगतान के लिये आदेश जारी किया है। श्रमायुक्त के निर्णय पर मनमोहन श्रीवास्तव, जसवीर सिंह, मुकेश साहू, देवेंद्र करौरिया, अरुण मांझी, बंटी ठाकुर, रितेश ठाकुर, कल्पना कुशवाह, योगेश कुशवाह, कृष्णा सिंह, रीना देवी आदि ने उनका आभार माना है।

## मौलाना अबुल कलाम की पुण्यतिथि आज

**ग्वालियर।** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की 68वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर आज 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे कांग्रेसजनों द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

लोडिंग ऑटो में प्रसव होने की होगी जांच, टीम गठित

ग्वालियर। ग्राम सिहारन कालोनी ब्लॉक भितरवार की प्रसूता को प्रसव पीड़ा हुई जिस पर प्रसूता के परिजनों द्वारा 18 फरवरी को 108 पर कॉल कर अवगत कराया गया था, लेकिन कॉल सेंटर भोपाल से 108 एम्बुलेंस बिजी (अन्य केस में व्यस्त) बताई गई, जिस पर परिजनों लोडिंग ऑटो वाहन से सीएचसी भितरवार प्रसव हेतु ले गए, लेकिन अस्पताल पर पहुंचने पर सिस्टर 10 मिनिट लेट आई जिस कारण प्रसव लोडिंग ऑटो में ही हो गया था। उक्त स्थिति को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव ने 2 सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। उन्होंने बताया कि जो भी कर्मचारी जांच में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।


# भारतीय मूल की आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की सीईओ बनीं

### 40 साल तक कंपनी के साथ रहे फिल स्पेंसर की जगह लेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की आशा शर्मा को माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। वे लंबे समय से इस पद को संभाल रहे फिल स्पेंसर की जगह लेंगी। स्पेंसर लगभग 40 साल तक कंपनी के साथ रहने के बाद रिटायर हो रहे हैं। वें माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को रिपोर्ट करेंगी।

### मेटा और इंस्टाकार्ट में लीडरशिप रोल निभा चुकी हैं आशा

आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की कमान संभालने से पहले कंपनी के ही एआई प्लेटफॉर्म और प्रोडक्ट लीडरशिप टीम का हिस्सा थीं। इससे पहले वे मशहूर डिलीवरी फर्म



'इंस्टाकार्ट' में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और 'मेटा' में प्रोडक्ट लीडरशिप जैसे अहम पदों पर रह चुकी हैं।

आशा ने मिनेसोटा यूनिवर्सिटी के कार्लसन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से बिजनेस की डिग्री ली है। उन्हें बिजनेस स्केल करने और मुश्किल समय में टीमों को लीड करने का एक्सपर्ट माना जाता है।

नियुक्ति के बाद पहला आधिकारिक मेमो भेजा

आशा ने अपना पहला आधिकारिक मेमो भेजा है, जिसमें उन्होंने एक्सबॉक्स के भविष्य और गेमिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को लेकर अपनी विजन साफ कर दी है।


उन्होंने कहा आज मैं माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग के ष्टश्वह्र के तौर पर अपनी नई जिम्मेदारी शुरू कर रही हूं। मैं इस वक्त दो चीजें एक साथ महसूस कर रही हूं: विनम्रता और काम को लेकर तेजी।

विनम्रता इसलिए क्योंकि इस टीम ने दशकों की मेहनत से कुछ बहुत ही शानदार खड़ा किया है। और काम में तेजी इसलिए क्योंकि गेमिंग की दुनिया बहुत बदलावों से गुजर रही है। मेरा पहला काम बहुत सीधा हैः यह समझना कि यह सब कैसे काम करता है और इसे सुरक्षित रखना।

# फोन-पे से बिना पिन डाले होंगे यूपीआई पेमेंट, फिंगरप्रिंट और फेस आईडी से कर सकेंगे 5000 तक का भुगतान

**नई दिल्ली।** डिजिटल पेमेंट दिग्गज फोन-पे ने अपने यूजर्स के लिए एक खास फीचर लॉन्च किया है। अब यूपीआई ट्रांजेक्शन करने के लिए बार-बार 4 या 6 अंकों का पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। यूजर्स अपने स्मार्टफोन के बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन यानी फिंगरप्रिंट या फेस आईडी का इस्तेमाल करके सीधे भुगतान कर सकेंगे।

फोन-पे ने बताया कि इस फीचर का मकसद पेमेंट को पहले से ज्यादा सुरक्षित और आसान बनाना है। फिलहाल यह सुविधा एंड्रॉयड यूजर्स के लिए शुरू की गई है, जिसे जल्द ही आईफोन यूजर्स के लिए भी रोलआउट किया जाएगा।




'शोल्डर सर्फिंग' से मिलेगा छुटकारा, भीड़ में भी सुरक्षित रहेगा पिन फोन-पे के अनुसार अक्सर भीड़भाड़ वाली जगहों पर पेमेंट करते समय 'शोल्डर सर्फिंग' (पीछे से किसी का पिन देख लेना) का खतरा रहता था। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से यह रिस्क पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इसके अलावा, कई बार यूजर्स अपना यूपीआई पिन भूल जाते हैं या गलत टाइप कर देते हैं, जिससे ट्रांजेक्शन फेल हो जाता है। 5,000 तक की लिमिट, उससे ज्यादा पर चाहिए होगा पिन कंपनी ने इस 'वन-टच' पेमेंट मेथड के लिए एक लिमिट तय की है। यूजर्स बायोमेट्रिक के जरिए ?5,000 तक के ट्रांजेक्शन कर पाएंगे। सुरक्षा के मद्देनजर, अगर भुगतान की राशि ?5,000 से ज्यादा होती है, तो सिस्टम पहले की तरह ही यूपीआई पिन मांगेगा।

# कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में कंप्यूटर लैब का किया शुभारंभ





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। यह लैब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) देवास द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत निर्मित की गई है। बैंक ने विद्यालय को पूर्ण सुसज्जित कंप्यूटर लैब प्रदान करने के साथ-साथ तीन आधुनिक कंप्यूटर भी भेंट किए हैं।

शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा, 'एसबीआई बैंक द्वारा बहुत ही सुंदर एवं उपयोगी कंप्यूटर लैब तैयार की गई है, इसके लिए मैं बैंक का हृदय से धन्यवाद देता हूं। यह पुण्य का कार्य है। संस्था के सभी सदस्य इन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अथक प्रयास कर रहे हैं। संस्था द्वारा बालिकाओं के कौशल विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। अब कंप्यूटर लैब एवं कंप्यूटरों की उपलब्धता से ये बालिकाएं कंप्यूटर के क्षेत्र में भी निपुणता प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ सकेंगी।' इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने छात्रों से चर्चा भी की

कार्यक्रम की शुरुआत अर्चना चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत शिव वंदना एवं विद्यालय की बालिकाओं द्वारा गाए गए स्वागत गीत से हुई। बालिकाओं ने हारमोनियम एवं तबला की संगत में शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने क्रिकेट की शिक्षिका कुमारी पूजा वर्मा एवं क्रिकेट टीम की बालिकाओं - कुमारी निकिता, कुमारी नंदिनी, कुमारी शिवानी, कुमारी रेणुका एवं कुमारी आरती को पुष्पमाला पहनाकर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक संगीता यादव, एसबीआई बैंक देवास के क्षेत्रीय प्रबंधक विजय नाथ मिश्रा, संस्था के संरक्षक बलजीत सिंह सलूजा, अध्यक्ष राजेंद्र मूंदड़ा सहित अन्य पदाधिकारी, एसबीआई से पूर्ति जैन, श्रीमती श्वेता, सुनील मेहता तथा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। आभार विद्यालय की प्राचार्य सीमा सोनी ने व्यक्त किया।

# 14 लाख बार राधा नाम लिखकर देवास के नरेश खरे ने रचा इतिहास




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**देवास।** जय प्रकाश नगर, देवास निवासी नरेश खरे ने भक्ति, समर्पण और अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए 14,00,000 बार राधा नाम लिखकर एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें 20 फरवरी 2026 को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई। इस पूरी यात्रा के दौरान राधा नाम लिखना उनके लिए केवल लेखन नहीं, बल्कि भक्ति और आंतरिक शांति का अनुभव था। उनकी यह साधना समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश देती है कि सच्चा समर्पण ही वास्तविक सफलता की ओर ले जाता है।

स्थानीय स्तर पर इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और क्षेत्रवासियों ने इसे देवास के लिए गर्व का क्षण बताते हुए श्री खरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# एक्ट ईव फाउंडेशन के सदस्यों ने मूक बधिर बच्चों संग बांटी खुशियाँ



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**देवास।** शहर की सामाजिक संस्था एक्ट ईव फाउंडेशन के सदस्यों ने शनिवार को मूक बधिर छात्रावास में रह रहे बच्चों संग समय बिताया और संस्था के एक पारिवारिक सदस्य की बिटिया निधि उचिल की पुण्यतिथि पर बच्चों को भोजन प्रसादी संग खुशियाँ बांटी ।संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा ने बताया कि छात्रावास में जिले के दूर दराज क्षेत्र के पचास से अधिक मूक बधिर बच्चे रह कर पढ़ाई करते है जिनके बीच जाकर सदस्यों ने अपनत्व महसूस किया । इस अवसर पर शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव,संतोष सावंत,किशोर असनानी,ईसाक शेख, आलेख वर्मा, गुलाब वर्मा, सोनू पंजाबी, शकुन्तला मालवीय,अमल बेरा, काकोली बेरा,राजेश्वरी डागर, राधा मालवीय, भेरूसिंह मालवीय, रामचंद्र मालवीय, अनीता यादव तथा राधा यादव उपस्थित रहे। संतोष सावंत द्वारा भी बच्चों को बिस्किट चाकलेट वितरित किये गये।

# फोटो निर्वाचक नामावली का हुआ अंतिम प्रकाशन

**735 मतदान केन्द्रो के लिए 5 लाख 5 हजार 259 मतदाता हुए पंजीकृत**



**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों पर संशोधित मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गई है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों–विधानसभा क्षेत्र 86 कोतमा, विधानसभा क्षेत्र 87 अनूपपुर एवं विधानसभा क्षेत्र 88 पुष्पराजगढ़–के कुल 735 मतदान केंद्रों पर विधानसभा स्तर पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 5 लाख 5 हजार 259 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 2 लाख 55 हजार 878 पुरुष मतदाता, 2 लाख 49 हजार 375 महिला मतदाता तथा 6 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 6 हजार 684 युवा मतदाताओं का नाम भी सूची में दर्ज है, जो युवाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारंभिक प्रकाशन के बाद दावा एवं आपत्ति अवधि में नए नाम जोड़ने, नाम विलोपन तथा संशोधन संबंधी आवेदन प्राप्त किए गए थे। बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर-घर सत्यापन एवं विशेष अभियान दिवसों के माध्यम से आवेदनों का संकलन किया गया। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के निराकरण उपरांत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है।

# अम्बाह में कांवड़ियों का भव्य सम्मान, भोपाल में 137वें सवा करोड़ शिवलिंग महारुद्राभिषेक की तैयारियाँ तेज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** बाबा महाकाल आकृति कांवड़ यात्रा की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में अम्बाह में कांवड़ियों का भव्य सम्मान एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। ग्रेस पब्लिक स्कूल, एनसीसी ग्राउंड, जग्गा चौराहा पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में गृहस्थ संत पूज्य बड़े भैया सरकार डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। मीटिंग में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं, युवाओं और शिष्य परिवारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। डॉ. शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी का सनातन धर्म की ओर बढ़ता झुकाव समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। शास्त्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि यह अनुशासन, सेवा, समर्पण और सांस्कृतिक जागरण का सशक्त माध्यम है। जब युवा धर्म



से जुड़ते हैं तो राष्ट्र की आध्यात्मिक शक्ति स्वतः प्रखर हो जाती है। उनके वक्तव्य से उपस्थित युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

इसी अवसर पर 12 से 18 मार्च 2026 तक भोपाल में आयोजित होने जा रहे 137वें सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक महाआयोजन की तैयारियों को लेकर दद्दा शिष्य परिवार अंबाह-बरेह एवं भक्तमंडल की विशेष बैठक भी संपन्न हुई। ब्रह्मलीन संत परम पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी एवं पूज्य गुरुमां जिज्जी की असीम कृपा तथा डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री के सानिध्य में होने वाले इस विराट आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आवागमन, आवास व्यवस्था, प्रसाद वितरण, सुरक्षा, स्वच्छता, अनुशासन एवं सेवा दल गठन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रणनीति तय की गई। विशेष बात यह रही कि इस दौरान सैकड़ों परिवारों ने सामूहिक रूप से भोपाल पहुंचकर आयोजन में सहभागिता का संकल्प लिया है। शिष्य परिवारों में महाआयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियाँ युद्ध स्तर पर जारी हैं। इस दौरान दद्दा परिवार के अन्य वक्ताओं ने कहा कि सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक जैसे महाआयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संस्कारों के प्रसार और आध्यात्मिक चेतना के विस्तार का विराट माध्यम हैं। आयोजन समिति ने सभी शिष्यों, भक्तमंडल एवं धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य, दिव्य और अनुकरणीय बनाएं। कांवड़ यात्रा की सफलता के बाद अब भोपाल महाआयोजन को लेकर अंबाह एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह चरम पर है।

# जिला कलेक्टर लोकेश जांगिड़ की उपस्थिति में अम्बाह में आज विशाल रक्तदान शिविर, आमजन से किया गया जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** जिला कलेक्टर लोकेश जांगिड़ के मार्गदर्शन और उपस्थिति में आज 22 फरवरी को जैन बगीची अम्बाह में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के लिए आयोजकों द्वारा आमजन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यह मानवता और समाज सेवा का अभियान दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अंबाह और मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य संतोष जैन (दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अंबाह) एवं दिनेश गुप्ता और अवनीश गुप्ता राधे (मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन) ने बताया कि शिविर जैन बगीची, अंबाह में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। इसमें रक्त संग्रह के लिए जिला अस्पताल मुरैना और ग्वालियर की विशेषज्ञ टीम मौजूद रहेगी। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस अवसर पर उपस्थित होकर रक्तदान कर जीवन बचाने में



योगदान दें। उनका कहना है कि एक यूनिट रक्त से कई जीवन बचाए जा सकते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संतोष जैन ने कहा कि इस शिविर में भाग लेने वाले इच्छुक रक्तदाता न केवल समाज के लिए पुण्य कार्य करेंगे, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में आशा की किरण भी बनेंगे। दिनेश गुप्ता और अवनीश गुप्ता ने सभी नागरिकों से समय पर उपस्थित होने और शिविर में सक्रिय सहयोग देने का विशेष आग्रह किया। इस अवसर पर घर-घर जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई ताकि शिविर सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके। आयोजकों का कहना है कि यह रक्तदान शिविर समाज में सेवा, मानवता और एकजुटता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे नागरिक न केवल मानवता की सेवा करेंगे, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में भी योगदान देंगे।

# कन्या विवाह योजना बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य का संकल्पः मंत्री दिलीप जायसवाल





**-कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कोतमा में हुआ 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह**

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रदेश सरकार की सबसे संवेदनशील और महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। यह केवल योजना नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। हमारी सरकार बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी स्वयं निभा रही है। यह सरकार का परम सौभाग्य और कर्तव्य है कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अमला स्वयं उपस्थित रहकर वर-वधु को आशीर्वाद दे रहे हैं, जो सरकार की संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल आज कोतमा नगर पालिका के द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। ?

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। इसी सोच के साथ यह योजना संचालित की जा रही है ताकि हर बेटी का विवाह खुशी और गरिमा के साथ हो सके। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को भावी दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि विवाह हमारी संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यह हमारे समाज और परिवार का आधार है। सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग के प्रतीक हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के साथ हमारी सरकार दोस्त बनकर हमेशा साथ खड़ी है। उन्होंने सभी दांपत्य जोड़ों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत प्रीति सिंह ने कहा कि सरकार माताओं, बहनों और बेटियों के हितों की रक्षा के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। हर विवाहित कन्या के माता-पिता अपनी बेटी को एक नए जीवन की शुरुआत के लिए आशीर्वाद दे रहे है। उन्होंने कहा कि सभी जोड़े नए जीवन में प्रवेश ले रहे हैं आपसी सामंजस्य एवं सहयोग से यह विवाह का बंधन जीवन भर निभाएं। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**खुशियों से गूंजा समारोह स्थल**

विवाह स्थल पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मंत्रोच्चार, जयमाला और आशीर्वाद के बीच नवदंपतियों के चेहरे पर मुस्कान साफ झलक रही थी। परिवारों ने शासन का आभार व्यक्त करते हुए इसे उनके लिए बड़ी राहत बताया। वैदिक मंत्रों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

वैदिक आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन के साथ सभी जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। समारोह स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहां बड़ी संख्या में परिजन एवं आमजन उपस्थित रहे। आयोजन के अंतर्गत भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजे और पारंपरिक वेशभूषा ने उत्सव का माहौल बना दिया। बारातियों का पुष्पवर्षा एवं आतिथ्य सत्कार के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# जिला पंचायत सामान्य सभा बैठक में मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना व पीएमजीएसवाई चतुर्थ कार्य योजना सर्वसम्मति से अनुमोदित

**जिपं सदस्यों ने उपयुक्त सर्वे एवं कार्य योजना को सराहा**

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनुपपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष प्रीति सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालनअधिकारी अर्चना कुमारी, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष पार्वती राठौर,सदस्य भारती केवट,किरण चौधरी,भुवनेश्वरी सिंह, यशोदा कोदू सिंह, भूपेंद्र सिंह, नर्मदा सिंह,राम रिंकू मिश्रा, दरोगा सिंह रंजीत सर्राटी व पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक दीपेश रावल, सहायक प्रबंधक संजय दुबे जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी





डॉ उमेश द्विवेदी, उपसंचालक कृषि सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना अंतर्गत जिले के चारों विकास खण्डो कि तैयार की गई प्राथमिकता सूची तथा पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण योजना के अंतर्गत तैयार की गई प्राथमिकता सूची में लिए गए कार्यों पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए उपयुक्त सर्वे तथा कार्य योजना निर्माण की सराहना करते हुए कार्य- योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी अर्चना कुमारी एवं पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक दीपेश रावल ने कार्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सैटेलाइट सर्वे तथा भौतिक सत्यापन कार्य आदि के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना तथा बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, उन्नत कृषि तथा लेमनरोजा तथा पामारोजा पौधारोपण क्षेत्र के वृद्धि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जैविक खेती पर जोर देते हुए जैविक खाद के निर्माण तथा जैविक खेती के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने के संबंध में कार्य करने पर जोर दिया गया। जिला पंचायत के सदस्यों ने अपने क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया।

# लापरवाही बरतने पर वाहन स्वामी को लगा कड़ा झटका





MEMO RECEIPT

ORIGINAL

S.No. 4038059

Book No. ........ M.V. No. MP65ZC6602 ........ Date ........

1. Name and Address of the Owner/Driver ........
2. Document Expired/Not Produced/Overload Good/Excess Projections/ Excess Passengers/ Excess Height/Mechanical dafects/any other offence u/s ........
3. I Agree to compound the offence under section ........ by paying the compounding fees of Rs. ........ 62,000/- Rupees (in words) ........

**-10 दिन बस रही जब्त, भरना पड़ा 62,000 रुपये का भारी जुर्माना**

**अनूपपुर।** जिले में सड़क सुरक्षा एवं नियमों के सख्त पालन को लेकर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्यवाही करते हुए बिना वैध परमिट संचालित हो रही यात्री बस पर शिकंजा कसा।

दिनांक 11 फरवरी 2026 को जांच के दौरान बस क्रमांक MP-65-ZC-6602 को रोका गया। दस्तावेजों की गहन जांच में बस का वैध परमिट नहीं पाया गया। नियमों के स्पष्ट उल्लंघन पर तत्काल वाहन को जब्त कर वैधानिक प्रकरण तैयार किया गया।लगातार 10 दिनों तक वाहन जब्त रहने के बाद संबंधित वाहन स्वामी को 62,000 (बासठ हजार रुपये) का भारी-भरकम जुर्माना भरना पड़ा। इस सख्त कार्यवाही से अन्य वाहन संचालकों में भी स्पष्ट संदेश गया है कि नियमों की अनदेखी अब महंगी पड़ेगी। यातायात पुलिस ने सभी वाहन संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन के परमिट, बीमा, फिटनेस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें एवं नियमों का पालन करें, अन्यथा नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड का सामना करना पड़ेगा।

# आजादी के इतने साल बाद भी कोइलरी टोला आज तक सड़क विहीन



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से लगा हुआ जिला जेल के पास दूलहरा ग्राम पंचायत में स्थित ग्राम सकारिया,कोयलारी टोला के इन गलियों में आज तक सड़क विहीन है ,जबकि इस मार्ग में आगे अनेकों लोग का परिवार निवास करता हैं,जिसमें आदिवासी समाज के लोग भी शामिल है, आपको बताते चलें इसी मार्ग में आगे अनूपपुर नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं विख्यात हास्य कलाकार पवन छिब्बर का भी निवास है, सड़क न होने के चलते पगडंडी मार्ग से लोग आवा गमन करते हैं। जिला प्रशासन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से आग्रह है इस मार्ग का निर्माण शीघ्र कराया जाना जनहित में आवश्यक है, क्योंकि बरसात के दिनों में आवा गमन में निवासरत लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# जनसेवक हनुमंत सिंह तोमर ने जगाई शिक्षा की अलख

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-



**मुरैना/अम्बाह।** जनसेवक हनुमंत सिंह तोमर थोगापुरा ने आज झोपड़पट्टी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को कॉपी-किताबें वितरित कीं। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे ये बच्चे अपना और अपने परिवार का भविष्य संवार सकते हैं। उनके इस निस्वार्थ कार्य की क्षेत्र में काफी प्रशंसा हो रही है।

# डॉ. ईशा जैन का पीजी एम.एस. स्त्री एवं प्रसूति रोग में चयन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-



**मुरैना/अम्बाह।** नगर की प्रतिभाशाली चिकित्सक डॉ. ईशा जैन पुत्री नीलेश जैन का पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स एम.एस. (स्त्री एवं प्रसूति रोग) में चयन हुआ है। उनका चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में हुआ है। इससे पहले वे शासकीय अस्पताल अम्बाह में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं और यहां कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनेक मरीजों का सफल उपचार किया। एम.एस. (स्त्री एवं प्रसूति रोग) चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण विशेषज्ञता है, जिसमें गर्भावस्था, प्रसव, महिलाओं की जटिल बीमारियों तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित उन्नत अध्ययन और प्रशिक्षण दिया जाता है। पीजी में चयन कड़ी प्रतियोगी प्रक्रिया के माध्यम से होता है, जो उनकी मेहनत और योग्यता को दर्शाता है। डॉ. ईशा जैन की इस उपलब्धि से परिवार, सहकर्मियों और नगरवासियों में खुशी का माहौल है। सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उच्च प्रशिक्षण प्राप्त कर वे समाज की बेहतर स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अंतर्गत फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन सम्पन्न

## - कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

## -जिले की 06 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13,83,118 मतदाता पंजीकृत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटो निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई।

बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की समस्त कार्यवाही संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ), बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से संपादित की गई है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि



विधानसभा क्षेत्र 03 सबलगढ़ में 2,28,023, विधानसभा क्षेत्र 04 जौरा में 2,50,405, विधानसभा क्षेत्र 05 सुमावली में 2,38,327, विधानसभा क्षेत्र 06 मुरैना में 2,19,548, विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी में 2,21,015 तथा विधानसभा क्षेत्र 08 अंबाह में 2,25,800 मतदाताओं सहित जिले में कुल 13,83,118 मतदाताओं का विवरण वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली के आधार पर मैप किया गया। आयोग के निर्देशानुसार जिन मतदाताओं अथवा उनके परिवार के सदस्यों का नाम वर्ष 2003 की नामावली में अंकित नहीं पाया गया, उन्हें 'नो मैपिंग' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जांगिड़ ने बताया कि जिले में कुल 1,898 मतदान केन्द्र स्थापित हैं, जिनके लिए 1,898 बीएलओ तथा 174 बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदान केन्द्रों की संख्या सबलगढ़ में 285, जौरा 340, सुमावली 322, मुरैना 360, दिमनी 290 तथा अंबाह 301 है।

बैठक में कलेक्टर ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग की सराहना करते हुए आगामी निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में भी निरंतर सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएँ प्रदान कीं। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सभी विभाग मिलकर परियोजना क्षेत्र के गांवों में नेपियर घास को प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्रीन एजी परियोजना अंतर्गत टीएसजी बैठक सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** ग्रीन एजी परियोजना अंतर्गत 21 फरवरी को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में टीएसजी (टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के अंतर्गत तैयार किए जा रहे जीएलएमपी (ग्राम लैंड मैनेजमेंट प्लान) पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के प्रारंभ में परियोजना टीम के सदस्यों द्वारा ग्रीन एजी परियोजना की प्रगति एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई तथा उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए गए।

कलेक्टर श्री जांगिड़ ने निर्देश दिए कि प्राप्त सुझावों को जीएलएमपी में समाहित करते हुए एक आदर्श एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करते हुए परियोजना क्षेत्र के गांवों में नेपियर घास के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, जिससे भूमि एवं वन संरक्षण के साथ-साथ पशुओं हेतु चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में परियोजना क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने, एफपीओ के माध्यम से विपणन व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा तकनीकी पशुपालन को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिससे



किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। बैठक में दिल्ली स्थित फूड ऑफ एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के मध्यप्रदेश समन्वयक सुव्रम गोस्वामी, उप संचालक कृषि अनंत सड़ैया, उप संचालक पशुपालन डॉ. बी.के. शर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुनील त्यागी सहित उद्यानिकी, वन, वाटरशेड, निःशक्त कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारी, जीएलआईयू टीम लीडर डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. रवि सिंह गुर्जर, आजीविका विशेषज्ञ रामअवतार शर्मा, पशुपालन विशेषज्ञ अवदेश वशिष्ठ, कृषि विशेषज्ञ संजय तोमर, एमआईएस प्रभारी सकील खान, ग्रीन एजी परियोजना के क्षेत्रीय कर्मचारी तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जलाया राहुल गाँधी का पुतला





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** ए.आई. इंपैक्ट सम्मिट दिल्ली के भारत मंडपम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई अराजकता हंगामा और भारत माता की अन्तर्राष्ट्रीय छवि को धूमिल करने वाली घटना के विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मुरैना के कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र के मंचों को अराजकता का अखाड़ा बनाने की कांग्रेस की यह मानसिकता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी,देश की प्रतिष्ठा, वैश्विक मंचों पर भारत की साख और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ किया गया यह खिलवाड़ निंदनीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी सोच को दर्शाता है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री भाजपा सोनू परमार ने कहा कि सबमिट में देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की उपस्थित में विभिन्न देशों से आए हुए प्रतिनिधियों के सामने अर्धनग्न होकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदर्शन भारत माता की छवि को धूमिल करने का कृत्य युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सहन नहीं करेगा

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार यादव, रामकुमार महेश्वरी, महेंद्र यादव, श्रीमती भावना जालौन, हरिओम शर्मा, रविन्द्र मावई, प्रताप गुर्जर, गिर्राज बांदिल, भाजपा मंडल अध्यक्षगण राकेश गुप्ता, मनोज मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, राहुल पचौरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु व युवामोर्चा के साथी उपस्थित रहे।

# थाना स्टेशन रोड पुलिस ने 02 माह से फरार चल रहे आरोपी को दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा गंभीर प्रकरणों में फरार चल रहे ईनामी - फरारी बदमाशों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरैना श्रीमती दीपाली चन्दौरिया के मार्गदर्शन में थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा फायरिंग संबंधी प्रकरण में 02 माह से फरार चल रहे 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 21.02.26 को थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना स्टेशन रोड़ के अपराध क्रमांक 36 / 25 धारा 125, 296 (बी),3 (5) बी.एन. एस. ईजाफा धारा 25,27 आर्म्स एक्ट में 02 माह से फरार चल रहे आरोपी



कान्हा पंडित पुत्र भगवती प्रसाद निवासी दीक्षित वाली गली, रामनगर मुरैना को नंदेपुरा चौराहा मुरैना से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा जब्त किया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया। घटना में शामिल शेष 01 फरारशुदा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# अम्बाह थाने में नए नगर निरीक्षक वीरेश कुशवाहा ने संभाला कार्यभार

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** नगर निरीक्षक सत्येंद्र कुशवाहा के कैलारस स्थानांतरण के बाद बीती शाम लगभग 7 बजे कैलारस से आए नगर निरीक्षक वीरेश कुशवाहा ने अम्बाह थाने में विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के तुरंत बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया और पुलिस स्टाफ के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, अपराध नियंत्रण और रात्रि गश्त की योजना पर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और अपराध एवं असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पदभार ग्रहण के बाद नगर निरीक्षक ने शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और



संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ गश्त की। उन्होंने गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारियों और नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा संबंधी सुझावों को भी सुना। वीरेश कुशवाहा ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने से अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

स्थानीय सामाजिक संस्थाओं ने भी नए नगर निरीक्षक का स्वागत किया। मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि वीरेश कुशवाहा के मार्गदर्शन में शहर में कानून और व्यवस्था मजबूत रहेगी और आमजन को सुरक्षा की पूर्ण भावना मिलेगी। नगर निरीक्षक ने कहा कि वे नियमित गश्त, पुलिस मॉनिटरिंग और समुदायिक सहयोग के माध्यम से शहर को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों के प्रति संवेदनशील रहते हुए, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सद्भावना जनसेवा समिति का वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम आज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी सद्भावना जनसेवा समिति मुरैना का वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम जगदंबा पैलेस अनाज मण्डी के पास में होने जा रहा है जिसमें 1 वर्ष के हुए कार्यक्रमों का लेखा-जोखा के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा 26 नवंबर 2017 को एक छोटे से ग्रुप की शुरुआत की गई थी जो आज ग्रुप में से एक संस्था के रूप में परिवर्तित हो गई है जिसका विधिवत फर्म सरकारी संस्था से पंजीयन होकर सामाजिक कार्यों में सभी सदस्यों के सहयोग से इस वर्ष सातवां वार्षिक स्नेह मिलन समारोह आयोजित होने जा रहा है ।समिति के प्रमुख उद्देश्य भूखे को भोजन प्यासे को पानी को लेकर क्षेत्र में कार्यरत है समिति ने धौलपुर से लेकर मुरैना जिले में वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं जिनमें 32 वाटर कूलर अभी तक लग चुके हैं और वह सुचारू रूप से चालू है। समिति द्वारा भूखे को भोजन को लेकर माह के अंतिम रविवार गिर्राज जी मंदिर महादेव नाके पर भोजन कराए जाते हैं एवं गौमाता को चारा खिलाने एवं गौ चिकित्सा सेवा चम्बल कालोनी गौशाला में सहयोग किया जाता है

पुरानी बस स्टैंड पर हनुमान जी मंदिर पर शनि देव के चबतरे एवं टीनसेट निर्माण में समिति द्वारा सहयोग कर जीर्ण द्वारा करवाया गया, जरूरतमंद बच्चों को कॉपी एवं स्टेशनरी तथा निराश्रित बच्चियों की शादी में सहयोग करते हुएं समाज में एक सन्देश दिया है ।संस्था में आज एक सैकड़ा से अधिक सदस्य शामिल है और आगे बढ़ते ही जाएंगे।

# आवंटित भूमि का अन्य उपयोग करने को लेकर पूर्व विधायक मिश्र ने एसडीएम से की शिकायत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 552 के समानांतर भूमि सुलभ शौचालय निर्माण के लिए नगर पालिका को आवंटित किया गया था। उसका उपयोग अन्य कार्य के लिए होने को लेकर एक शिकायत पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्र ने एसडीएम शुभम शर्मा से की है। एसडीएम शुभम शर्मा को दिए गए शिकायती पत्र में मिश्र ने लिखा है कि नगर पालिका द्वारा कृषि उपज मंडी जौरा के गेट के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 552 के समानांतर पूर्व अन्य विभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गई थी। उक्त भूमि पर नगर पालिका परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण कराए जाने की चर्चा हो रही है। वहां रहने वाले कई रह वासियों ने मुझे अवगत भी कराया गया है कि नगर पालिका की जिम्मेदार कर्ताधर्ता चुपचाप दुकानों का निर्माण कर



रहे हैं। श्री मिश्रा ने यह भी शिकायत की है कि यदि नगर पालिका उक्त आवंटित भूमि पर दुकानों का निर्माण कर रही है तो यह व्यवसायिक उपयोग आवंटित भूमि के विपरीत है इसलिए जिस प्रयोजन के लिए भूमि आवंटित की गई है उसे अन्य व्यावसायिक उपयोग में लेने के विरुद्ध स्थाई रोक लगाने की मांग शिकायत के माध्यम से महेश मिश्रा ने की है।

**इनका कहना है:-**

एसडीएम शुभम शर्मा का कहना है कि पूर्व विधायक मिश्र की शिकायत पर से मौके पर पटवारी को भेज कर जांच कराई जा रही है, वहीं सीएमओ वीरेंद्र रावत का कहना है कि उक्त स्थान पर दो सर्वे नंबर 71 एवं 72 हैं। 72 नंबर में दुकान का निर्माण हो रहा है। नगर पालिका 71 नंबर पर अभी कुछ अतिक्रमण है उसे हटाएंगे तब सुलभ कंपलेक्स बनवाएंगे हल्का पटवारी मानवेंद्र सिंह सिकरवार का कहना है कि मैं मौका देखा है मौके पर नींव खोदकर भरी गई है रिपोर्ट एसडीएम को दी गई है।

# हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएँ जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न

## हायर सेकेंडरी परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएँ जिले में सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में शनिवार को परीक्षाएँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं।



फाइल फोटो

जिला शिक्षा अधिकारी बी.एस. इंदौलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हायर सेकेंडरी की होम साइंस एवं अकाउंटेंसी विषय की परीक्षा में कुल 1330 परीक्षार्थियों में से 1307 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं तथा परीक्षा का संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

# एनएसएस शिविर का मानपुर में चौथा दिन: एसडीओपी एवं नगर निरीक्षक ने साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** साइबर क्राइम के बढ़ते हुए मामलों के बारे में एसडीओपी नितिन बघेल, नगर निरीक्षक दर्शन शुक्ला, सब इंस्पेक्टर उपेंद्र पाराशर द्वारा बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साइबर क्राइम के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। अवसर था जवाहर नवोदय विद्यालय के तत्वाधान में मानपुर गांव में चल रहे एनएसएस शिविर के चौथे दिन का 21 फरवरी को मानपुर गांव एनएसएस शिविर में बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करते हुए नितिन बघेल एवं दर्शन शुक्ला ने कहा कि ऑनलाइन गेम मनी रिसीवड मैसेज फ्रेंड रिक्वेस्ट के जरिए काफी साइबर क्राइम हो रहे हैं। इससे हमेशा सतर्क रहें, मोबाइल पर अनजान लिंक को क्लिक नहीं करें।




यदि किसी के साथ गलती से साइबर क्राइम हो जाए तो तत्काल 1930 नंबर पर कॉल करें। अपने परिजनों अभिभावकों को तत्काल बताएं। श्री बघेल एवं श्री शुक्ला का यह भी कहना था कि फेसबुक एवं सोशल मीडिया चलने वाले बच्चे किसी भी प्रकार की लालच में नहीं फंसे। लालच में फंसने से ही साइबर क्राइम हो जाता है। दोनों अधिकारियों द्वारा एनएसएस के बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति अन्य महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। शिक्षक कुलदीप शाक्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य संकल्पना को लेकर भी बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। संचालन शिक्षक अशोक कुमार शर्मा द्वारा किया गया। एनएसएस कार्यक्रम के प्रभारी रामलखन यागिक द्वारा बताया गया कि शिविर का चौथा दिन है सभी बच्चे सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश भी दे रहे हैं। गांव में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें भी साफ-सफाई के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नशा मुक्ति के लिए स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा जागरूकता रैली का भी आयोजित किया गया।

# क्षीर धारा ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश

**मुरैना।** प्रदेश सरकार के दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन विभाग द्वारा ''क्षीर धारा ग्राम योजना'' प्रारंभ की गई है। इस योजना का मूल उद्देश्य नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना तथा उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहित करना है, ताकि वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में सार्थक बनाया जा सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को कार्यान्वयन की ठोस योजना बनाने के निर्देश कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शनिवार को आयोजित बैठक में दिए। इस अवसर पर सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि पशुपालन एवं कृषि एक-दूसरे के पूरक हैं। दुग्ध उत्पादन में हरित चारे की गुणवत्ता एवं मात्रा का निर्णायक योगदान होता है, उन्होंने कहा कि योजना की सफलता हेतु किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की भूमिका केंद्रीय एवं अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके बिना दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन होगा। उन्होंने जानकारी दी कि योजना को समयबद्ध दृष्टिकोण से लागू करने के लिए पशुपालन विभाग ने वन एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ पूर्व में ही समन्वय स्थापित कर लिया है। कृषि विभाग की हरित चारा उत्पादन, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद निर्माण एवं बायोगैस प्रबंधन में विशेषज्ञता योजना के पशु पोषण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं गोबर अपशिष्ट प्रबंधन जैसे घटकों को मजबूती प्रदान करेगी।

# सिद्धक्षेत्र सोनागिरजी का वार्षिक मेला 04 से 08 मार्च तक

## पांच दिवसीय मेले में होगें विभिन्न धार्मिक-सामाजिक आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/सोनागिर।** जैन समाज के विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ सोनागिरजी में वार्षिक मेले का आयोजन 04 मार्च से 08 मार्च तक होने जा रहा है ।

श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र संरक्षिणी कमेटी (न्यास) सोनागिर दतिया के अध्यक्ष योगेश जैन खतौली एवं मंत्री बालचंद जैन ग्वालियर द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सिद्धक्षेत्र सोनागिरजी का पांच दिवसीय वार्षिक मेला चैत कृष्ण एकम बुधवार 04 मार्च से चैत कृष्ण पंचमी रविवार 08 मार्च तक आयोजित होने जा रहा है । इस वार्षिक मेले में संपूर्ण भारतवर्ष से हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबियों का क्षेत्र पर आगमन होता है । क्षेत्र कमेटी द्वारा मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है । क्षेत्र पर आने वाले यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए कमेटी ने चाकचौबंद व्यवस्थाएं की हैं। मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए आवास, परिवहन, सुरक्षा, भोजनादि की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं पूर्णता की ओर हैं।



**वार्षिक मेले के मुख्य आकर्षण**

वार्षिक मेले के प्रमुख क्रार्यक्रमों में, प्रतिदिन प्रातः देवदर्शन, पर्वत की बन्दना, दोपहर में तलहटी में विद्यमान जिनालयों की रथ यात्रा, शास्त्र प्रवचन, सम्मेलन एवं कलशाभिषेक, सांयकाल पर्वत की परिक्रमा, रात्रि को पर्वतराज पर महाआरती एवं भक्ति एवं मेला स्थल चन्द्रनगर पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, धार्मिक नाट्य प्रस्तुति, भजन संध्या एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

वार्षिक मेले के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुख अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में सम्मिलित होने के लिये केन्द्रीय एवं प्रान्तीय शासन के माननीय मंत्रीगण, वरिष्ठ शासनाधिकारी, नेतागण एवं विद्यतजनों को आमंत्रित किया गया है । जो निर्धारित तिथियों को कार्यक्रमों में पधारेंगे।

**सिद्धक्षेत्र सोनागिर जी एक नजर में**

भारतवर्ष की पावन धरा पर मध्यप्रदेश के दतिया जिले में स्थित सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिर बुन्देलखण्ड अंचल में सुरम्य पर्वतराज पर स्थित है । यहां आठवें तीर्थकर 1008 श्री चन्द्रप्रभु भगवान के भव्य समोशरण के पदार्पण की गौरवपूर्ण स्मृति को अंतः स्थल में संजोये हुये है। सिद्धक्षेत्र सोनागिरजी से नंग-अनंग कुमार सहित साढ़े पांच करोड़ मुनिराज मुक्तिपथ को प्राप्त हुए हैं। अतः यह पावन स्थल मुक्तिपथ (सिद्ध दशा) हेतु अग्रसर मुनिवृन्दों की साधना स्थली है।

श्री सोनागिरिजी पर्वतराज पर 72 भव्य जिनालयों के साथ ही नव निर्मित नंदीश्वर द्वीप शोभायमान है। जिनालय एवं उनमें विराजमान जिनबिंब विभिन्न युगों की उत्कृष्ट एवं मनोहर वास्तुकला के प्रतीक है। क्षेत्र के पावन पवित्र पर्वत पर स्थापित मुख्य जिनालय क्रमांक 57 में विक्रम संवत् 335 में प्रतिष्ठित 1008 भगवान श्री चन्द्रप्रभु जी की चमत्कारी खड्गासन प्रतिमा विराजमान है। पर्वतराज की तलहटी में विशाल एवं अनुपम जिनालय विद्यमान है। जिनके दर्शन मात्र से भव भव के पापों का क्षय होता है ।

**मेले पर सिद्धक्षेत्र सोनागिर में रुकेगी विशेष ट्रेनें**

जैन तीर्थ सोनागिरजी दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर स्थित है। मेले के अवसर पर प्रमुख मेल एवं एक्सप्रेस गाड़ियों जैसे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस, खजुराहो इंटर सिटी एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस, चम्बल एक्सप्रेस, बरौनी मेल, विशेष रूप 01 मार्च से 10 मार्च तक रुकेगी । सोनागिर में आगरा झांसी मेमो एवं पैसेंजर एवं छतीसगढ़ एक्सप्रेस स्थायी रूप से रुकती है। म.प्र. के सभी डिपो की बसे, सोनागिर तिराहे पर यात्रियों को छोड़ती हैं।

श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर कमेटी ने सभी दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों से अधिकाधिक संख्या में वार्षिक मेले में सम्मिलित होने की अपील की है । किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निम्न नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है-

9993363242, 9425726867

# सफल होने के लिए प्लान बनाना सीखिए: अशोक गोयल

## - सोशल मीडिया एंड ह्यूमन लाइफविषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



**ग्वालियर।** सोशल मीडिया ने लोकतंत्र को नई ऊर्जा दी है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी है।अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ मानवाधिकारों का सम्मान और कानूनी मर्यादाओं का पालन अत्यंत आवश्यक है। साइबर अपराध, फेक न्यूज और ऑनलाइन ट्रोलिंग गंभीर सामाजिक समस्या है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अनुशासन और आत्मसंयम जरूरी है। युवाओं को चाहिए कि वे सोशल मीडिया का उपयोग सामाजिक सद्भाव और सकारात्मक संवाद के लिए करें। सफल होने के लिए प्लान बनाना सीखिए। यह बात शनिवार को मानव अधिकार के सेवानिवृत्त आईजीपी एवं वर्तमान चेयरपर्सन, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड डिस्ट्रिक्ट रायगढ़ (छत्तीसगढ़) अशोक कुमार गोयल ने सेंटर फॉर स्टडीज इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन द्वारा 'सोशल मीडिया एंड ह्यूमन लाइफ' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेयू के कुलगुरू डॉ. राजकुमार आचार्य ने कहा कि सोशल मीडिया आज मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों, सूचनाओं और नवाचारों के आदान-प्रदान का सशक्त प्लेटफॉर्म है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने जहां अभिव्यक्ति को व्यापक मंच दिया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने समाज में कई नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने 16 शोध पत्र प्रस्तुत किए। दो दिवसीय संगोष्ठी में 30 से अधिक शोध पत्रों का वाचन हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रो. एस.एन. महापात्रा और प्रो.विवेक बापट ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को डिजिटल युग की चुनौतियों और संभावनाओं से अवगत कराना है। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भुवनेश तोमर ने किया।

# चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स में कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर गोयल (बंटी भैया) के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**ग्वालियर।** मप्र चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के डी पी मंडेलिया सभागार में मध्य प्रदेश चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यकारणी सदस्य नन्दकिशोर गोयल के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। नंदकिशोर गोयल को श्रद्धांजलि देते हुए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि नंदकिशोर गोयल एक ऐसी शख्सियत थे जो सभी के दिलों में बसते थे। वे 2023 में पहली बार कार्यकारिणी सदस्य बने, अपनी व्यवहार कुशलता से उन्होंने सबको अपना बना लिया था। उनका असमय निधन चैम्बर एवं समूचे व्यापारिक समुदायके लिए तो एक अपूर्णनीय क्षति है ही, मेरे लिए भी एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत क्षति है। 6 मार्च को उनकी बेटी का विवाह था जिसकी तैयारियां उनको करना थी। डॉ प्रवीण अग्रवाल ने कहा जिस तरह वे हमेशा चेंबर के साथ खड़े रहते थे आज चेंबर एवं समस्त व्यापारी समाज उनके परिवार के साथ दृढ़ता पूर्वक खड़ा है। उनकी बेटी के विवाह की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने चैंबर एवं समस्त व्यापारी समाज की ओर से नंदकिशोर गोयल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। चेंबर के मानसेवी सचिव श्री दीपक अग्रवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नंदकिशोर जी सबसे सक्रिय सकारात्मक एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे। हमेशा अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखते थे एवं निर्णय को मानते थे। दाल बाजार के व्यापारियों की समस्या को भी सबसे पहले प्रमुखता से उठाते थे। चेंबर के पूर्व उपाध्यक्ष पारस जैन ने कहा कि नंदकिशोर गोयल बंटी भैया का जाना हम सबके लिए ही नहीं, चैम्बर के लिए भी एक बहुत बड़ी क्षति है इसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष पारस जैन, प्रशांत गंगवाल, दिलीप पंजवानी, आशीष अग्रवाल, श्याम बंसल, महेंद्र साहू,मनोज सरावगी, घनश्याम दास नागवानी, संजय अग्रवाल विवेक जैन सुशांत सिंघल रोशन गाबरा मनोज अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं व्यापारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर उनकी स्मृतियों से जुड़ा हुआ एक वीडियो भी दिखाया गया।

# मुरार नदी से निगम अमले ने हटाया अवैध निर्माण





**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले ने शनिवार को मुरार नदी से अवैध निर्माण एवं अस्थाई अवरोध को हटाया। भवन अधिकारीयशवंत मैकले ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ की याचिका दिनेश कुमार शर्मा विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन एवं माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण केंद्रीय क्षेत्र पीठ भोपाल के प्रकरण मुन्नालाल गोयल विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन में पारित निर्देश के क्रम में मुरार नदी के किनारे किए गए अवैध निर्माण, अतिक्रमणों का सर्वेक्षण किया गया तथा नदी के किनारे पड़े मलवा एवं सीएनडी वेस्ट, कचरा तथा अस्थाई अवरोध को नगर निगम द्वारा हटवाया गया। कार्यवाही में सीएनडी वेस्ट पर जुर्माना एवं नदी में कचरा डालने पर जुर्माना कार्रवाई की गई। कार्रवाई में अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, नोडल अधिकारी मुराद नदी महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सिटी प्लानर महेंद्र अग्रवाल सहित मदाखलत अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्वालियर मेले में भोपाल के म्यूजिकल ग्रुप ने बांधा समा




**ग्वालियर** । श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोपाल के प्रतिष्ठित राग रंग म्यूजिकल ग्रुप एंड आर्ट फाउंडेशन ने शनिवार की शाम शानदार प्रस्तुति दी। म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पुराने गानों के मधुर स्वरों से समा बांध दिया। दर्शकों ने कार्यक्रम को सराहा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से प्रारंभ हुई। सबसे पहले राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के आयोजक सुमीत शर्मा ने मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू, गाने की प्रस्तुति दी। गाने ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद जयदीप सरकार ने दिलबर मेरे कब तक मुझे, तनु सिंह ने मेरे ख्वाबों में जो आए, अमित शर्मा ने तौबा ये मतवाली चाल, राजा यादव ने आने से उसके आए बहार, दिल के टुकड़े टुकड़े करके, परदेसियों से ना अखियां मिलाना, झूम झूम बाबा, खईके पान बनारस वाला जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। पुराने गानों के मधुर स्वरों ने ग्वालियर मेले आए श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्वालियर व्यापार मेले के आयोजकों ने समस्त राग रंग टीम को सम्मानित किया।


# व्हीलचेयर क्रिकेट में मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 6 विकेट से हराया













**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना।** मुरैना के चंबल डिवीजन क्रिकेट मैदान पर खेली जा रही 5वीं नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेंट्रल जोन के तीसरे व अंतिम लीग मुकाबले के चीफ गेस्ट और टॉस के बॉस SDM भूपेंद्र कुशवाह थे। भूपेंद्र कुशवाह ने दोनों टीमों का हौसला अफजाई करते हुए अच्छे मैच खेलने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुकाबले में मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 6 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान टीम एक समय 4 ओवर में 37 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन मध्यप्रदेश के कृष्णपाल के 4 विकेट की बदौलत टीम निर्धारित 20 ओवर में 123 रन ही बना सकी। राजस्थान की ओर से मनोज जाट ने नाबाद 40 रन बनाए , जिसे मध्यप्रदेश ने शिवकुमार के 37 रन की बदौलत जीत हासिल कर ली । मुकाबले में ऑफ द मैच मध्यप्रदेश के कृष्णपाल रहे । सेंट्रल जोन का फाइनल मुकाबला रविवार को मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच होगा । इस फाइनल मैच के मुकाबले की विजेता टीम दिल्ली NCR में 15 मार्च को होने नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगी ।

# बजट मध्यप्रदेश के समग्र विकास व सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है: ऐदल सिंह कंषाना

## पत्रकारवार्ता में कृषि मंत्री ने अखबारनवीशों को दी जानकारी

*-गोपाल सिकरवार-*

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए वर्ष 2026-27 के बजट पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मध्य सरकार में कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बजट विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के साथ जनकल्याण को नई ऊंचाई देगा। मध्यप्रदेश का प्रस्तुत बजट गरीब, युवा, नारी और किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह बजट मध्यप्रदेश के समग्र विकास व सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ आत्मनिर्भर बनाने का जो लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने पूंजीगत व्यय को बजट में बढ़ाया है, जिससे मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना साकार होगी। इस ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है।




### पूंजीगत व्यय बढ़ाने से मध्यप्रदेश के भविष्य को सशक्त बनाएगा बजट

मंत्री कंषाना ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने 4,38,317 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में स्वयं के व्यय से 1,17,667 करोड़ का राजस्व प्राप्त का लक्ष्य है। केंद्र सरकार से 1,12,137 करोड़ प्राप्त होंगे। राज्य के स्वयं के कर राजस्व में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि से स्पष्ट है कि यह बजट प्रदेश के भविष्य को और सशक्त बनाने वाला है। पिछले वर्ष के अपेक्षा में पूंजीगत व्यय में 7.5 फीसदी की वृद्धि की गई है, जिससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास और सशक्त होगा। अनुसूचित जनजाति विभाग के बजट में 25.8 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 47,429 करोड़ का प्रावधान किया गया है, वहीं अनुसूचित जाति विभाग के बजट में भी 17 प्रतिशत की वृद्धि कर 31,192 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन दोनों विभागों के बजट में उल्लेखनीय वृद्धि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चलते हुए अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद पिछले वर्ष की अपेक्षा 10.69 वृद्धि के साथ 18 लाख 48 हजार 274 करोड़ है, जो हमारी सरकार की प्रदेश के विकास की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है दो वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में 19.25 प्रतिशत की वृद्धि

मंत्री कंषाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक है। यह 4,38,317 करोड का यह बजट मध्यप्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय दो वर्ष में 1,41,000 से बढ़कर 1,69,000 हो गई है। यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है, जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बजट में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा एक लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### किसानों के सशक्तिकरण के लिए किसान कल्याण वर्ष मना रहे

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार हर समाज, वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को रोजगार और व्यवसाय उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष मनाया। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण व किसानों क आय दोगुनी करने के लिए भाजपा सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष मना रही है। किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि व मुख्यमंत्री सम्मान निधि के प्रति वर्ष 12 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। किसानों को 1 लाख सोलर पंप दिए जाएंगे। वीबीजी रामजी योजना के लिए 10 हजार 428 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे गांवों के विकास का निर्णय अब पंचायत स्तर पर पारदर्शिता के साथ हो सकेगा। किसानों की खुशहाली बढ़ाने के लिए सिंचाई के रकबे में लगातार वृद्धि की जा रही है। नदी जोड़ो परियोजना से बुंदेलखंड, चंबल, मालवांचल के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश भर में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई का रकबा 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष मना रही है। बजट में 1 लाख करोड़ से अधिक का पूंजीगत व्यय मध्यप्रदेश के अधोसंरचना और विकास कार्यो को नई गति देगा। सिंचाई व्यवस्था का विस्तार, बेहतर बिजली आपूर्ति, पारदर्शी फसल खरीद, भावांतर योजना का संरक्षण और प्राकृतिक प्रकोप में त्वरित मुआवजा के माध्यमों से अन्नदाता को सबल और सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इन प्रावधानों से किसान समृद्ध होगा और मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने दूरदर्शी सोच के साथ बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट सशक्त मध्यप्रदेश की नींव को और मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में 'लाड़ली बहना योजना' के लिए 23,882 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए 5700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष जोर दिया गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25 हजार करोड़ के ऋण प्रावधान किया गया है। साथ ही खेलों के विकास के लिए 815 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु मजरे-टोले की सड़कों के लिए 21 हजार करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। शिक्षा को और व्यापक स्तर तक पहुंचाने के लिए 294 विद्यालय किए जाएंगे, जिससे प्रदेश में शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा आंगनवाड़ियों में बच्चों को पोषण आहार को और पुख्ता करने के लिए ट्रेटा दूध दिया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 23 हजार करोड़ का प्रावधान कर चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके साथ ही 72 नई ई-बस सेवाओं की शुरुआत कर शहरी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती आरती पाठक ने बजट पर प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट 2026-27 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की बताई चार जातियों गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए प्रावधान किए हैं। यह बजट मध्यप्रदेश को आने वाले वर्षों में देश का सबसे समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित करेगा। यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है। बजट में किए गए इन प्रावधानों से महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए खुशहाली के द्वार खुल जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा ने कहा कि यह बजट गरीब मजदूर युवाओं महिलाओं और किसानों के जनहित के लिए है प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 4.38 लाख करोड़ रुपये का डिजिटल बजट पेश किया। इसमें लाड़ली बहना योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपये, 15 हजार शिक्षकों की भर्ती और आठवीं तक के बच्चों को दूध देने का प्रावधान है। बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया, बल्कि अधोसंरचना, कृषि, युवा रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर दंडोतिया, जिला महामंत्री महेंद्र सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप दंडोतिया, जनपद अध्यक्ष मोहर सिंह कंषाना, वरिष्ठ नेता बालकृष्ण शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, अजीत गुर्जर, राजपाल यादव, विनोद जादौन, दिलीप मिश्रा, राजेश शर्मा, बच्चू गुर्जर, राजेंद्र शर्मा, वृंदावन पाराशर सहित वरिष्ठ पत्रकारजन उपस्थित रहे।

स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, प्रबंध संपादक विकास शिवहरे 9770080488, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।